मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक
उत्तरशक्ति
हर खबर निष्पक्षता के साथ
मुंबई
वर्ष: 7 अंक 231
रविवार, 09 मार्च 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

तक्कोलम स्थित सीआईएसएफ क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र का नाम राजादित्य चोल के नाम पर रखने का निर्णय: अमित शाह

मुंबई, 08 मार्च। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने शुक्रवार को तमिलनाडु के तक्कोलम में सीआईएसएफ स्थापना दिवस के 56वें समारोह में भाग लिया। इस मौके पर उन्होंने सीआईएसएफ के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि पिछले 56 वर्षों में सीआईएसएफ ने देश के विकास, प्रगति और यातायात को सुरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सीआईएसएफ देश के प्रमुख एयरपोर्ट, बंदरगाह, औद्योगिक इकाइयों, अनुसंधान केंद्रों और अन्य महत्त्वपूर्ण ढाँचागत परियोजनाओं की सुरक्षा का जिम्मा बखूबी निभा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की सुरक्षा नीतियों में व्यापक बदलाव किए गए हैं। गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में सुरक्षा एजेंसियों को सशक्त बनाने के लिए आधुनिक तकनीक, अत्याधुनिक संसाधन और जवानों की संख्या में वृद्धि जैसे कई अहम फैसले लिए गए हैं। जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा को और मजबूत बनाया गया है। सीआईएसएफ की जिम्मेदारियां और कार्यक्षेत्र लगातार बढ़ रहे हैं। गृह मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट 2023-24 के मुताबिक, वर्तमान में सीआईएसएफ देश के 68 हवाई अड्डों, 114 सार्वजनिक

उपक्रमों और कई महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा में तैनात है। बीते वर्ष के दौरान सीआईएसएफ ने हवाई अड्डों पर 371 हथियार तस्करी के मामलों का सफलतापूर्वक पता लगाया और 191.481 किलोग्राम सोना तथा 72.87 करोड़ नकद जब्त किए। यह उपलब्धि अमित शाह के प्रभावशाली नेतृत्व और सख्त सुरक्षा मानकों के चलते संभव हो सकी है। सीआईएसएफ राष्ट्र की सुरक्षा में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है और जनता के विश्वास को मजबूत कर रहा है।

भारतीय राजनीति के चाणक्य अमित शाह ने 2019 में निर्णय लिया था कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों का स्थापना दिवस देश के विभिन्न क्षेत्रों में मनाया जाएगा। उसी कड़ी में सीआईएसएफ के तक्कोलम क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र का नाम चोल वंश के वीर योद्धा राजादित्य चोल के नाम पर रखने की घोषणा की गई। यह निर्णय तमिलनाडु की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सम्मान देने का प्रतीक है। अमित शाह ने कहा कि तमिल संस्कृति ने हमेशा देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई है। मोदी सरकार ने क्षेत्रीय संस्कृतियों को बढ़ावा देने के साथ-साथ राष्ट्रीय एकता को सशक्त करने के लिए लगातार कदम उठाए हैं। सीआईएसएफ का समर्पण, निष्ठा और बहुआयामी योगदान उसे देश की सुरक्षा व्यवस्था का अभिन्न हिस्सा बनाता है। मोदी सरकार के नेतृत्व में देश के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। सीआईएसएफ के जवान पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ इस जिम्मेदारी का निर्वहन कर राष्ट्र की सुरक्षा में अहम भूमिका निभा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की मजबूत सुरक्षा नीतियों के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भर और सुरक्षित राष्ट्र के निर्माण की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है।

राजस्थान के बिना बॉलीवुड की कल्पना नहीं की जा सकती : भजनलाल शर्मा



जयपुर, 08 मार्च। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को कहा कि भारतीय फिल्म जगतमें राजस्थान का विशेष स्थान है और इसके बिना बॉलीवुड की कल्पना नहीं की जा सकती। शर्मा ने यहां आईफा पुरस्कार समारोह के संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही।

उन्होंने राज्य के मजबूत बुनियादी ढांचे व फिल्म निर्माण के लिए उपलब्ध सुविधाओं पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, राजस्थान सदियों से अपनी भव्यता, शाही विरासत व राजसी आतिथ्य के लिए प्रसिद्ध रहा है। राजस्थान के बिना बॉलीवुड की कल्पना नहीं की जा सकती है। राजस्थान सड़क, रेल व हवाई मार्ग से देश और दुनिया से बेहतर तरीके से जुड़ा हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रतिष्ठित इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी (आईफा) अवार्ड राजस्थान में पहली बार और देश में दूसरी बार हो रहा है, यह प्रदेश के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक पुरस्कार समारोह नहीं है बल्कि भारतीय सिनेमा व संस्कृति के वैश्विक विस्तार का प्रतीक भी है जिससे राजस्थान को अंतरराष्ट्रीय फिल्म व मनोरंजन उद्योग में नयी पहचान भी मिलेगी।

बिना भेदभाव प्रगति के अवसर मिलेंगे लेकिन किसी का तुष्टिकरण नहीं होगा: योगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नए भारत में सभी को बिना किसी भेदभाव के सुरक्षा और प्रगति के अवसर मिलेंगे, लेकिन किसी का तुष्टिकरण नहीं होगा। आगरा में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत 1,000 युवाओं के बीच ऋण वितरण के लिये आयोजित कार्यकम को मुख्यमंत्री संबोधित कर रहे थे। योगी ने आगरा मंडल के 1,000 युवाओं को शुक्रवार को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत ऋण का चेक एवं उप्र ओडीओपी (एक जिला-एक उत्पाद) के प्रशिक्षणार्थियों को टूल किट का वितरण किया। उन्होंने कहा युवा देश की ऊर्जा के प्रतीक हैं। आज 1,000 नए युवा उद्यमी प्रदेश और देश के विकास में अपना योगदान देने के लिए तत्पर होकर आगे बढ़ रहे हैं।

गुजरात में फुलप्रूफ प्लान के साथ उतरेगी कांग्रेस, पार्टी नेताओं के साथ राहुल गांधी ने की बैठक

गुजरात, 08 मार्च। गुजरात में भाजपा को हराने के लिए एक मजबूत योजना पर ध्यान केंद्रित करते हुए, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पूर्व अध्यक्षों, पूर्व विपक्ष के नेताओं, राजनीतिक मामलों की समिति के सदस्यों, जिला शहर अध्यक्षों और राज्य के विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों के साथ बातचीत की। इसके अलावा आज अहमदाबाद में उन्होंने एक सभा को संबोधित भी किया। उन्होंने कहा कि हमें यहां सत्ता में आए करीब 30 साल हो गए हैं। जब भी मैं यहां आता हूं, 2007, 2012, 2017, 2022, 2027 के विधानसभा चुनावों की चर्चा होती है। लेकिन सवाल चुनाव का नहीं है।

कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि जब तक हम अपनी ज़िम्मेदारियां

पूरी नहीं करेंगे, गुजरात की जनता हमें चुनाव नहीं जिताएगी। जब तक हम अपनी ज़िम्मेदारियां पूरी नहीं करेंगे, हमें गुजरात की जनता से सत्ता में आने के लिए भी नहीं कहना चाहिए। मैं आपको गारंटी देता हूं कि जिस दिन हम ऐसा करेंगे, गुजरात की जनता कांग्रेस पार्टी को अपना समर्थन देगी। राहुल ने कहा कि जब कांग्रेस पार्टी को अंग्रेजों का सामना करना पड़ा, तो हम हर जगह नेतृत्व की तलाश कर रहे थे। अंग्रेज हमारे सामने थे, कांग्रेस पार्टी भारत के लोगों का प्रतिनिधित्व करती थी, लेकिन हमारे पास कोई नेता नहीं था। नेता कहां से आया? नेता दक्षिण अफ्रीका से आया। महात्मा गांधी कौन थे और उन्हें हमें किसने दिया? राहुल गांधी ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका ने उन्हें नहीं दिया। गुजरात ने कांग्रेस पार्टी को हमारा मूल नेतृत्व दिया और उस नेतृत्व ने हमें सोचने का तरीका, लड़ने का तरीका, जीने का तरीका दिया।

कान्हा के रंगों से होली खेलेंगे बाबा विश्वनाथ, वृंदावन भेजा गया गुलाल

- होली के महापर्व पर पहली बार बाबा दरबार से लड्डू गोपाल के लिए उपहार भेजे गए

सुरेश गांधी

वाराणसी। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास द्वारा श्री कृष्ण जन्मस्थान मथुरा के साथ नवीन सनातन नवाचार प्रारंभ किया गया है। होली के अवसर पर रंगभरी एकादशी से पहले बाबा धाम से श्री कृष्ण जन्मस्थान मथुरा में विराजमान लड्डू गोपाल को उपहार भेजे गए। उधर, लड्डू गोपाल द्वारा श्री काशी विश्वनाथ को भी समारोहपूर्वक भेंट प्रेषित की गई है।धाम के सीईओ विश्व भूषण ने श्री कृष्ण जन्मस्थान मथुरा के सचिव कपिल शर्मा और गोपेश्वर चतुर्वेदी से बातचीत की थी। इसी क्रम में शनिवार को विधि-विधान से उपहार की सामग्री श्री विश्वेश्वर को अर्पित करने के उपरांत साज-सज्जा और धूमधाम से भेजा गया। बाबा काशी विश्वनाथ इस बार होली पर श्रीकृष्ण जन्मभूमि के गुलाल से होली खेलेंगे। वहीं, जन्मभूमि के लड्डू गोपाल के लिए भी बाबा के दरबार से भस्म और गुलाल भी भेजे जाएंगे। इसके लिए 8 मार्च को फाल्गुन शुक्ल नवमी पर भव्य यात्रा के साथ गुलाल व अन्य सामान मथुरा से काशी भेजा गया। इसी तरह काशी से भी यात्रा सामान लेकर मथुरा के लिए

रवानगी हो गई।रंगभरी एकादशी पर इस बार बाबा काशी विश्वनाथ और भगवती अन्नपूर्णा श्रीकृष्ण जन्मभूमि के गुलाल से होली खेलकर भक्तों को दर्शन देंगे। श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने कि सुबह 10 बजे श्री राधाकृष्ण युगल सरकार के भाव से गुलाल, पटुका, पिचकारी और गुजिया प्रसाद काशी विश्वनाथ धाम भव्य यात्रा के साथ भेजा जाएगा। यात्रा भगवान श्री केशवदेव, मां योगमाया, श्री गर्भ गृह और भागवत भवन स्थित श्रीराधाकृष्ण मंदिर में होते हुए श्रीकृष्ण जन्मस्थान के मुख्यद्वार पर पहुंचेगी। यहां सुसज्जित वाहन में दिव्य होली प्रसाद को लेकर श्रीकृष्ण जन्मभूमि के पूजाचार्य और जन्मस्थान से जुड़े भक्तगण काशी विश्वनाथ धाम जाएंगे। इसी गुलाल से ही 10 मार्च को रंगभरनी एकादशी के दिन बाबा विश्वनाथ भगवती अन्नपूर्णा रंगारंग होली के दर्शन भक्तों को देंगे।श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में रंग भरी एकादशी पर्व को खास बनाने के लिए त्रिदिवसीय उत्सव का शनिवार को शुभारंभ हो गया। इन तीन दिनों में फूलों की होली, हल्दी के साथ अबीर और भस्म का अर्पण होना है। 10 मार्च को पड़ने वाले रंगभरी एकादशी पर्व को श्री काशी विश्वनाथ धाम में त्रिदिवसीय समारोह के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर श्री कृष्ण जन्मस्थान मथुरा से सांस्कृतिक आदान प्रदान के नवाचार एवं सोनभद्र से वनवासी समाज द्वारा पलाश गुलाल के शिवार्पण से यह पर्व और भी दिव्य स्वरूप प्राप्त कर रहा है। इसी श्रृंखला में मंदिर के पारंपरिक पर्व को लोकमानस के और निकट लाने के सद्विचार के साथ इस वर्ष बाबा विश्वनाथ एवं मां गौरा की चल प्रतिमा शास्त्रीय अर्चना के साथ मंदिर चौक में शिवार्चनम मंच के निकट तीन दिन के लिए आज शाम से विराजमान की गई। विराजमान चल विग्रह के साथ सायंवेला में कार्यक्रम के समय हजारों की संख्या में श्री काशी विश्वनाथ धाम पधारने वाले श्रद्धालुओं द्वारा फूलों की होली संपन्न की गई। 10 मार्च को सायं 4 बजे मंदिर चौक से चल विग्रह की पालकी शोभायात्रा समारोहपूर्वक निकाली जाएगी जिसमें काशी वासी एवं धाम पधारे श्रद्धालु प्रतिभाग करेंगे। इस पर्व के अवसर पर, मंदिर परिसर में स्थित बाबा विश्वनाथ एवं मां गौरा की चल प्रतिमा शास्त्रीय अर्चना के साथ मंदिर चौक में शिवार्चनम मंच के निकट विराजमान की गई। इस समारोह की शुरूआत सायं वेला में हुई। समारोह की शुरूआत में, बाबा विश्वनाथ एवं मां गौरा की चल प्रतिमा की चल प्रतिमा को शंकराचार्य चौक में स्थापित किया गया जिसके उपरांत प्रधान पुजारी पं. श्रीकांत महाराज द्वारा विधिपूर्वक प्राण-प्रतिष्ठा की गई। इस धार्मिक अनुष्ठान के बाद, काशिवाशियों एवं धाम पधारे श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ एवं मां गौरा की चल प्रतिमा पूजा अर्चना की। यह आयोजन पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ संपन्न हुआ। पूजा-अर्चना के उपरांत, हजारों की संख्या में श्रद्धालु, स्थानीय काशिवासी और वाराणसी शहर के मेयर श्री अशोक तिवारी, न्यास के पूर्व सदस्य श्री वेंकटरमन घनपाठी एवं प्रोफेसर ब्रजभूषण ओझा, प्रसिद्ध इतिहासकार और लेखक श्री विक्रम सम्पत तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में, बाबा विश्वनाथ और मां गौरा की चल प्रतिमा के समक्ष फूलों से होली खेली गई।

महिला सम्मान योजना को लेकर आप का बीजेपी पर तंज

नई दिल्ली, 08 मार्च। दिल्ली सरकार द्वारा महिलाओं को 2500 रुपये देने के लिए 'महिला समृद्धि योजना' को मंजूरी दिए जाने पर दिल्ली की एलओपी और आप नेता आतिशी का बड़ा बयान सामने आया है। आतिशी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी एक रैली में वादा किया था कि 8 मार्च को महिलाओं के खाते में 2500 रुपए जमा किए जाएंगे। आज का दिन था और दिल्ली की महिलाएं इसका इंतजार कर रही थीं। लेकिन आज भाजपा की दिल्ली सरकार ने साबित कर दिया कि यह प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी नहीं बल्कि जुमला था।

आतिशी ने दावा किया कि पैसे देना तो दूर की बात है, महिलाओं को न तो कोई योजना मिली और न ही रजिस्ट्रेशन के लिए पोर्टल। उन्हें एक 4 सदस्यीय समिति मिली। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली की महिलाओं को 2500 रुपये मिलने थे लेकिन उन्हें चार लोगों की कमिटी मिली। यह तो खोदा पहाड़ निकली चुहिया वाली बात हो गई। भाजपा की

दिल्ली सरकार ने साबित कर दिया कि मोदी जी ने दिल्ली की महिलाओं से झूठ बोला था। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि मैं बीजेपी से पूछना चाहूंगी कि क्या चार सदस्यीय कमिटी बनने और महिलाओं के खाते में 2500 रुपये आने में कोई अंतर नहीं है।

प्रस्तावित महिला समृद्धि योजना के संबंध में दिल्ली मंत्रिमंडल की बैठक 8 मार्च को हुई, जिसके तहत राष्ट्रीय राजधानी में रहने वाली महिलाओं को 2,500 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। प्रस्ताव को कैबिनेट की मंजूरी भी मिल गई है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली महिला समृद्धि योजना के अवसर पर एक सभा को संबोधित किया।

रसोई पर बाजार के हमले से चौपट होता स्वास्थ्य

-ललित गर्ग

आज रसोई पर संकट मंडरा रहा है, बाजारवाद ने रसोई के अस्तित्व को ही बदल दिया है, न केवल रेसाई को बदला है बल्कि हमारे शुद्ध एवं स्वास्थ्यवर्द्धक खानपान को ही ध्वस्त कर दिया है, जिससे हमारा स्वास्थ्य तो चौपट हो ही रहा है, हमारे पारिवारिक एवं भावनात्मक संबंध भी चरमरा रहे हैं। देश-दुनिया में पैकेटबंद खाद्य पदार्थों का चलन और इससे होने वाले नुकसान बढ़ते जा रहे हैं। मोटापा सहित अनेक बीमारियां संकट पैदा कर रही है। इन्हीं चिन्ताओं के बीच यूनिसेफ की एक ताजा रिपोर्ट चौंकाती भी है एवं लगातार स्वास्थ्य समस्याओं के बढ़ने के कारण को दशार्ती है। यूनिसेफ ने भारत समेत 97 देशों में अध्ययन कर बताया है कि पिछले 15 साल में दुनियाभर में पैकेटबंद खाद्य पदार्थों की बिक्री 11 फीसदी बढ़ी है, जिससे जेब पर भी असर पड़ा है और स्वास्थ्य पर भी, विशेषतः पारिवारिक संरचना पर। ज्यादा-से-ज्यादा चेन स्टोर-सुपरमार्केट खुलने के बाद लोग इनका अधिक सेवन कर रहे हैं। जिन देशों में प्रतिव्यक्ति सर्वाधिक चेन किराना स्टोर एवं सुपरमार्केट हैं, वहां लोग ज्यादा अस्वास्थ्यकर खाद्य पदार्थ खरीदते हैं। ह्यनेचर फूडह्ल पत्रिका में प्रकाशित इस रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुए व्यक्ति, परिवार, समाज एवं सरकार को सख्त एवं प्रभावी कदम उठाने होंगे।

अध्ययन के मुताबिक, जिन देशों में पिछले 15 साल में सुपरमार्केट से तले-भुने एवं जंक खाद्य पदार्थों की बिक्री में 11 फीसदी वृद्धि हुई है, वे भारत, बांग्लादेश, अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर जैसे देश हैं। रिपोर्ट का एक चिंतनीय पक्ष यह है कि दक्षिण एशिया में यह बढ़ोतरी अन्य

देशों की तुलना में तेज रही। आंकड़े बताते हैं कि बीते डेढ़ दशक में विश्व स्तर पर सुपरमार्केट 23.6 फीसदी बढ़े हैं, जबकि इस दौरान दुनियाभर में मोटापा 18.2 प्रतिशत से बढ़ कर 23.7 प्रतिशत हो गया है। पैकेटबंद खाद्य पदार्थों की खरीद बढ़ने से अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात में भोजन पर खर्च बहुत अधिक बढ़ा है। भारत में भी पिछले साल के अंत में सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण की रिपोर्ट कहती है कि लोगों के खाद्य बजट में सब्जियों, पैकेटबंद चीजों एवं जंक फूड्स की ही बड़ी हिस्सेदारी है। खाद्य पदार्थों के व्यापार पर नजर रखने वाली एजेंसी यूरोमॉनिटर के मुताबिक, भारत में अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड की प्रतिव्यक्ति सालाना बिक्री 2005 में दो किलोग्राम थी, जो 2019 में छह किलोग्राम और 2024 में आठ किलोग्राम हो गयी।

सीएसइ (सेंटर फॉर साइंस एंड इन्वायर्नमेंट) द्वारा भारत में किये गये अध्ययन से भी इसका खुलासा हुआ है कि जंक फूड और पैकेटबंद भोजन मोटापा, कैंसर, उच्च रक्तचाप, मधुमेह और दिल की बीमारियां बढ़ा रहे हैं। यह कितना बड़ा मुद्दा है, इसे इसी से समझा जा सकता है कि इस बार बजट से पहले की आर्थिक समीक्षा में अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड पर अधिक टैक्स लगाने की सिफारिश की गयी थी। जाहिर है, अगर अभी नहीं संभले, तो बहुत देर हो जायेगी। इंसानों की तोंद बढ़ती जा रही है। इस बढ़ते मोटाने की भयावहता को महसूस करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मोटापे के खिलाफ जंग छेड़ी है। एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए प्रधानंत्री ने कहा कि 2050 तक 44 करोड़ भारतीय मोटापे का शिकार होंगे। प्रधानमंत्री ने इन आंकड़ों को खतरनाक बताते हुए मोटापे को मात देने के लिए लोगों को मंत्र भी दिये हैं। ये मंत्र हैं- खाने वाले तेल में लोग 10 फीसदी की कटौती एवं जीवनशैली में बदलाव करें। अगर समय पर इस पर ध्यान नहीं गया तो भविष्य में बड़ी स्वास्थ्य समस्याएं होंगी। मोटापे की वजह से हर तीसरा व्यक्ति गंभीर बीमारियों का शिकार हो सकता है।

स्वाद में चटपटी और जब जरूरत हो, तब पैकेटबंद भोजन की उपलब्धता ने हमें अपने घर की रसोई की जगह बाजार पर निर्भर बना दिया है।?इसके लिए बाजार ने कई तरह के लुभावने एवं बाजारवादी तर्क और नारे गढ़ रखे हैं। ये नारे और तर्क हमें लुभाते एवं गुलाम बनाते हैं। समय की बचत के नाम पर हमें मजबूर करते हैं कि हम अपने घर की रसोई को बंद ही रखें। हमारे खान-पान की परंपरा और पौष्टिकता पर यह एक तरह से हमला है। बाजार हमें सिखाना चाहता है कि परिवार में जब जिसको भूख लगे, वह बाजार जाए, आनलाइन ऑर्डर करें और ?खा ले। पहले परिवार के लोग एक साथ बैठकर ?खाते थे, तब परिवार का हर सदस्य एक दूसरे के सुख-दुख से परिचित होता एवं संवेदनाओं से जुड़ता था। दुख, परेशानियों, निराशाओं को दूर करने का सामूहिक प्रयास किया जाता था। सलाह मशविरा किए जाते थे। आज हमें बाजार सामूहिकता से काटकर वैयक्तिक एवं एकांगी बना रहा है। यदि हमने अपनी रसोई को सहेजकर नहीं रखा, तो एक दिन ऐसा भी आ सकता है, जब हमें पूरी तरह बाजार के डिब्बाबंद भोजन पर ही निर्भर रहना पड़े।

विशेषज्ञों का कहना है कि करीब 14 फीसदी वयस्क और 12 फीसदी बच्चे अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स की लत का शिकार बन चुके हैं। लोगों में स्वास्थ्य के नजरिए से हानिकारक इन खाद्य पदार्थों को लेकर जो लगाव है, वो शराब और तम्बाकू जितना ही बढ़ चुका है। बता दें कि दुनिया भर में 14 फीसदी लोग शराब के और 18 फीसदी लोग तम्बाकू के आदी बन चुके हैं। ऐसे में 14 फीसदी वयस्कों में अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड की दीवानगी एवं आकर्षण बेहद गंभीर खतरे की ओर इशारा करती है। यह जानकारी अमेरिका, ब्राजील और स्पेन के शोधकताओं द्वारा किए अध्ययन में सामने आई है, जिसके नतीजे नौ अक्टूबर 2023 को द ब्रिटिश मेडिकल जर्नल में प्रकाशित हुए हैं। यह अध्ययन 36 देशों में प्रकाशित 281 अध्ययनों के विश्लेषण पर आधारित है।

आजकल मार्केट में पैकेटबंद एवं जंक फूड्स की भरमार है। चिप्स से लेकर दूध, मसाले और हर एक चीज प्लास्टिक, एल्युमिनियम या पेपर की पैकिंग के साथ आ रही है। सुविधा के नाम पर हो रहा यह हमला कई सारे साइड इफेक्ट्स दे रहा हैं। न सिर्फ बड़े बल्कि बच्चे भी पैकेटबंद चिप्स, जूस, कुकीज और नमकीन, नूडल्स का इस्तेमाल कर रहे हैं। किसी भी तरह की खाने-पीने की चीज की अगर पैकेजिंग की जाती है तो उन्हें सुरक्षित, संरक्षित और ज्यादा समय तक चलने के लिए तीन चीजें मिलायी जाती हैं। प्रीजर्वेटिव्स, नकली रंग और एक्स्ट्रा फैट। कुछ समय पहले आई एक स्टडी में बताया गया कि पैकेटबंद फूड्स में इमल्सीफायर नाम का एक कंपाउंड पाया जाता है, जो दिल की सेहत यानी हार्ट हेल्थ के लिए खतरनाक होता है, इससे कार्डियोवैस्कुलर बीमारियां हो सकती हैं, यह कंपाउंड ब्लड प्रेशर लेवल को बढ़ा सकती है। बहुत ज्यादा मात्रा में इमल्सीफायर जब शरीर में पहुंचता है तो इससे शरीर की शक्ति क्षीण होने लगती है और कमजोरी-थकान-सुस्ती बढ़ती है।

पैकेटबंद भोजन में घर के बने भोजन की तुलना में पोषक तत्वों की कमी होती है। पैकेटबंद भोजन अक्सर अतिरिक्त चीनी, नमक और वसा से भरपूर होते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं। इनमें फाइबर की कमी होती है, जिससे पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। पैकेटबंद खाद्य पदार्थों में मिलावट की संभावना अधिक होती है, इनमें स्नेह, प्यार, अपनापन एवं ममत्व नहीं होने से यह पोषित नहीं होते। कुछ अध्ययनों से पता चला है कि पैकेटबंद भोजन में पाए जाने वाले कुछ रसायन कैंसर का खतरा बढ़ा सकते हैं। बच्चों में पैकेटबंद भोजन का अधिक सेवन उनके शारीरिक विकास को प्रभावित कर सकता है। प्राचीनकाल से ही हमारे देश में घर का चूल्हा यानी रसोई जहां स्वास्थ्य की प्रयोगशाला होती थी वही पूरे परिवार को जोड़ने का केंद्र रही है। यह रसोई ही थी जिसने परिवार को हर सदस्य से प्रेम करना सिखाया। एक दूसरे की इज्जत, सुरक्षा, देखभाल एवं स्वस्थ रहना सिखाया। संयुक्त परिवार के दिनों में सास-बहू, देवरानी-जेठानी, ननद-भाभी के बीच पनपे मतभेद को मनभेद में बदलने से रोका, ?भोजन बनाते या साथ बैठकर खाते समय सारे मतभेद, गुस्से को तिरोहित करना भी रसोई ने ही सिखाया। यही हाल पुरुषों का भी था। जब साथ बैठकर खाते थे, तो आपसी मतभेद, मनमुटाव हवा हो जाते थे। लेकिन आज उसी रसोई पर संकट मंडरा रहा है।

बाबा बागेश्वर धीरेंद्र शास्त्री बिहार के 5 दिवसीय दौरे पर

अशोक भाटिया

बने सनातन धर्म के स्टार प्रचारक , भड़के आरजेडी के नेता

धर्म गुरु केवल धार्मिक मुद्दों तक नहीं बल्कि अब राजनीति में भी अहम भूमिका निभाने लगे हैं। लाखों की संख्या में अनुयायी हैं। इसका फायदा कुछ राजनीतिक पार्टियों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से मिल जाता है। इसी कड़ी में बाबा बागेश्वर सियासत के बीच में हैं। बिहार में कथा करने आए बाबा बागेश्वर कब राजनीति का हिस्सा बन गए, पता ही नहीं चले। बाबा बागेश्वर ने भरे मंच से हिंदू राष्ट्र बनाने और हिदुत्व पर जोर देने की बात कही। इससे आरजेडी के नेता भड़क गए।

बिहार में कथा के दौरान बाबा बागेश्वर और आरजेडी के नेता चंद्रशेखर में बात बहस भी हो गई। चंद्रशेखर ने बाबा पर आरोप लगाया कि संविधान विरोधी बयान दिया है। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि किसी भी देश से मुसलमानों को निकाला जाएगा तो इस दुनिया में 65 मुसलमान देश हैं, जो उनका स्वागत कर लेंगे। लेकिन फिजी, सूरीनाम, पाकिस्तान, भारत, नेपाल और मॉरीशस से अगर हिंदुओं को निकाल दिया जाएगा तो फिर हिंदू कहां जाएगा? उन्होंने आगे यह स्पष्ट किया कि किसी पार्टी के प्रचारक नहीं है हिदुत्व के प्रचारक हैं। जब तक सांसें हैं तब तक हिंदुओं के लिए लड़ेंगे और मरेंगे। उन्होंने आरएसएस के सिद्धांत पर कहा कि हमें बटना नहीं है। यदि हम बटेंगे तो कटेंगे। उन्होंने कहा कि मैं हिन्दुओं को एक करूंगा। धीरेंद्र शास्त्री के इस बयान से लोग उनको भाजपा और आरएसएस का प्रचारक बता रहे हैं। वहीं, बाबा बागेश्वर ने बिहार आने को लेकर कह दिया कि जो मुझे जितना रोकेगा मैं उतना ही आऊंगा। यदि कोई आने से मना करेगा तो मैं यहीं घर बना लूंगा। यह गौर करने वाली बात है कि बाबा बागेश्वर गोपालगंज के दौरे पर हैं जो परंपरागत रूप से लालू प्रसाद यादव का गढ़ कहा जाता रहा है। हालांकि, बीते चुनावों में इन क्षेत्रों में बीजेपी और जदयू का दबदबा रहा है, लेकिन अभी भी गढ़ इसको राजद का ही कहा जाता है। वह वहां हिंदुत्व का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। हनुमंत कथा और दिव्य दरबार का आयोजन कर रहे हैं। उनको सुनने के लिए लाखों की संख्या में भीड़ जुट रही है और वह बिहार में बहार आने तक की बात भी अपनी सभा में कह रहे हैं। निश्चित तौर पर ह्यबिहार में बहार आने की उनकी बात कहीं ना कहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के उस नारे से जोड़कर देखा जा रहा है जब 2015 में बिहार में बहार है, नीतीशे कुमार है, से एक बार फिर जुड़ता है।

गोपालगंज में हिंदू राष्ट्र की हुंकार भरते हुए बाबा बागेश्वर आचार्य धीरेंद्र शास्त्री के कुछ बयानों पर गौर करें तो आप पाएंगे कि उनका क्या ध्येय है और उनकी बातों के क्या अर्थ हैं। उन्होंने कहा- देश रघुवर का है बाबर का नहींङ्क भारत को हिंदू राष्ट्र बनाएंगे। हिंदुओं को एक करेंगे। हिंदुओं को घटने नहीं देंगे।। संकट पर हिंदू कहां जाएंगे। हिंदू राष्ट्र की आवाज बिहार से।बाबा बागेश्वर के बयानों को राजनीति के जानकार अपने नजरिये से पढ़ते हैं। वरिष्ठ पत्रकार अशोक कुमार शर्मा कहते हैं कि महाकुंभ आयोजन में सनातन एकता की बात को खूब उद्धृत किया गया। इसी को आगे बढ़ाते हुए आचार्य धीरेद्र शास्त्री का पड़ाव बहार बना है। जाहिर तौर पर जातियों में बुरी तरह विभक्त बिहार के समाज को एकजुट करने में अगर थोड़ी भी सफलता बाबा बागेश्वर को मिलेगी तो यह बीजेपी की राजनीति को ही फायदा पहुंचाएगी। यह संयोग ही है कि जब बाबा बागेश्वर का दौरा बिहार में चल रहा है उसी समय श्री श्री रविशंकर जी व संघ प्रमुख मोहन भागवत भी बिहार के दौरे पर है । श्री श्री रविशंकर सत्संग और अध्यात्म की अलख जगा रहे हैं। पटना के गांधी मैदान में शुक्रवार (7 मार्च) से आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर का भव्य सत्संग शुरू हुआ है। इस दो दिवसीय सत्संग में ध्यान, योग और जीवन जीने की कला पर विशेष प्रवचन मुख्य आयोजन है। इसके साथ ही गुरु रविशंकर 1000 साल पुराने पवित्र शिवलिंग के साथ बिहार पहुंचे हैं। जिसे श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए स्थापित किया जा रहा है। खास बत यह है कि यह शिवलिंग वही है जिसे महमूद गजनवी ने 1026 ईस्वी में खंडित किया था। इसके आगे बड़ी बात यह कि पटना पहुंचने के बाद गुरुवार देर शाम श्री श्री रविशंकर ने बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी से मुलाकात की। जाहिर है इसे सियासत से भी जोड़ा जा रहा है। वरिष्ठ पत्रकार रवि उपाध्याय कहते हैं कि महमूद गजनवी का नाम आगे आना प्रदेश की राजनीति के ध्रुवीकरण की कवायद हो सकती है और इसका फायदा भी भाजपा और एनडीए की राजनीति को ही होगा।

वहीं, संघ प्रमुख मोहन भागवत मुजफ्फरपुर को बेस बनाकर पांच दिनों के बिहार दौरे पर हैं और विभिन्न जिलों में संघ के कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। सरसंघ चालक मोहन भागवत मुजफ्फरपुर प्रवास के दौरान 7 मार्च की सुबह-सुबह आरडीएस कॉलेज मैदान में शाखा लगाया।शाखा में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की मौजूदगी में व्यायाम और प्रैक्टिस लोग कर रहे हैं। वह आरएसएस कार्यालय में तमाम आरएसएस के सदस्यों के साथ बैठक करेंगे। फिर 8 मार्च को भी मोहन भागवत शाखा में शामिल होने के बाद बैठक करेंगे और फिर 9 मार्च को नागपुर के लिए रवाना हो जाएंगे। राजनीति के जानकार कह रहे हैं कि सर संघ चालक मोहन भागवत बीजेपी के वोट बेस को मजबूत बनाने की कवयद में लगे हुए हैं। इससे पहले हिंदुत्व की हुंकार बीजेपी और के लिए सियासी जमीन सांगठनिक दृष्टि से मजबूत की जा रही है।

हिंदुत्व के प्रतीक दिग्गज धर्मगुरुओं के एक साथ बिहार में जुटान से विपक्ष परेशान हैं। हालांकि, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव बड़ी होशियारी से खुद इस मुद्दे को तूल नहीं देना चाहते हैं और बड़े ही फूंक-फंककर कदम उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह देश बाबा साहब के अंबेडकर के संविधान से चल रहा है और यहां किसी को भी कहीं आने-जाने की आजादी है। इससे हमें कोई मतलब नहीं।लेकिन, दूसरी ओर राजद के विधायक मुकेश रौशन ने बाबा बागेश्वर की गिरफ्तारी की मांग कर दी। वहीं भाई वीरेंद्र ने भी इसे भाजपा की साजिश बताया। जबकि राजद के कई अन्य विधायक और नेता हिंदुत्व के इन प्रतीकों के दौरों को टारगेट पर ले रहे हैं। जबकि, दूसरी ओर बिहार में हिंदुत्व के प्रतीकों के जुटान से बीजेपी और एनडीए खेमा गदगद है। बीजेपी के नेता और बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तारकेश्वर प्रसाद ने कहा, भारतीय जनता पार्टी और एनडीए की ताकत के बारे में उन्हें (विपक्ष) गलतफहमी है। भाजपा आज आम लोगों के कारण बिहार ही नहीं पूरे देश में अपनी राजनीतिक ताकत रखती है। बाबा बागेश्वर जिन मूल्यों को रखकर समाज में आ रहे हैं, सनातन धर्म का प्रचार कर रहे हैं और जिस प्रकार की चीजों को आम लोगों तक पहुंचा रहे हैं वह देश हित और समाज हित में है। वहीं, बीजेप के विधायक हरिभूषण सिंह ठाकुर बचौल ने तो खुलकर बाबा बागेश्वर समेत धर्मगुरुओं के बिहार दौरे का समर्थन किया है। जाहिर है बिहार की राजनीति में हिंदुत्व का मुद्दा गरमा गया है और जेडीयू के रुख में भी बदलाव दिख रहा है। दरअसल, नीतीश कुमार पर 2023 में हिंदू त्योहारों की छुट्टियां कम करने का आरोप लगा था, लेकिन अब जेडीयू नेता ने कहा है कि हिंदू एकजुट हैं।बीजेपी विधायक हरिभूषण बचौल ने आरजेडी पर तुष्टिकरण का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आरजेडी मुस्लिम वोट के लिए कुछ भी कर सकती है। उन्होंने हिंदू राष्ट्र की मांग का समर्थन किया। बीजेपी के वरिष्ठ नेता मनोज तिवारी ने कहा कि बाबा बागेश्वर सनातन धर्म का प्रचार करते हैं। अगर किसी को लगता है कि वो बीजेपी का प्रचार कर रहे हैं, तो उनकी बुद्धि पर क्या कहा जा सकता है। इस घटना ने बिहार की राजनीति में एक नया विवाद खड़ा कर दिया है। एक तरफ आरजेडी है, जो धीरेंद्र शास्त्री पर वोट बैंक की राजनीति का आरोप लगा रही है। दूसरी तरफ बीजेपी है, जो आरजेडी पर तुष्टिकरण का आरोप लगा रही है।

दरअसल, सियासत में टाइमिंग का बड़ा महत्व होता है और इस बार भी टाइमिंग को लेकर ही जो सवाल उठाए जा रहे हैं। यह बेहद महत्वपूर्ण है कि बिहार में इसी साल विधानसभा का चुनाव होना है और इसको लेकर सियासी सरगर्मी बढ़ी हुई है। इसी बीच सनातन धर्म के प्रतीक कहे जाने वाले त्रिमूर्ति (बाबा बगेश्वर आचार्य धीरेंद्र शास्त्री, श्री श्री पंडित रविशंकर और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत) का आगमन बिहार में हुआ है। इसके बाद से सनातन की चर्चा पूरे राज्य में जोरों पर होने लगी है। इन त्रिमूर्ति की जिस तरह की बातें सामने आ रही हैं इससे विपक्ष तो परेशान दिखेगा ही।खास बात हिंदुओं को एकजुट करने की बातें करते हैं और यही त्रिमूर्ति हर जगह यही संदेश भी दे रहे हैं। बिहार में जाति की राजनीति होती रही है है ऐसे में विपक्ष को लगता है कि हिंदुओं के नाम पर अगर जातियां एकजुट हो जाती हैं तो फिर विपक्ष को नुकसान होगा और एनडीए को उसका फायदा पहुंचेगा।

दाल देख और दाल का पानी देख!

(व्यंग्य-आलेख : संजय पराते)

रोटी के साथ दाल मिलना भी अब नसीब की बात है। आज की ताजा खबर है कि बाजार में दाल का संकट आने वाला है, क्योंकि सरकारी दाल का भंडार खाली है। क्यों खाली है, इस पर टिप्पणी करेंगे ; लेकिन इसका मतलब यह है कि गरीबों को अब दाल-रोटी या दाल-भात खाने का सपना छोड़ देना होगा। हां, दाल की जगह नमक से काम चलाया जा सकता है। अधिकांश राज्य सरकारें राशन दुकानों से सस्ता आयोडीन नमक वितरित कर रही हैं और वोट लेने का नमक अदा कर रही हैं। नमक हलाली शायद इसी को कहते हैं कि दाल की जगह नमक परोसा जाएं!

हमारे देश के लोग हर साल 300 लाख टन दाल हजम कर जाते हैं। ये आंकड़ा कितना बड़ा है, इसकी पड़ताल करे, तो पता चलता है कि हर व्यक्ति रोज लगभग 60 ग्राम दाल चट कर जाता है। इतनी दाल!, फिर भी शिकायत यह कि दाल में पानी ज्यादा होता है।

देश की 140 करोड़ की आबादी को दाल सहज-सुलभ हो, इसके लिए दाल का बफर स्टॉक कम से कम 35 लाख टन होना चाहिए। लेकिन नेफेड और राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता फेडरेशन (एनसीसीसी) बता रहा है कि सरकार के गोदाम में केवल 14.5 लाख टन दाल ही बची है, जो कि न्यूनतम आवश्यकता का केवल 40% ही है। इसमें तुअर दाल 35000 टन, उड़द 9000 टन, चना दाल 97000 टन ही है, जिसे लोग खाने में सबसे ज्यादा पसंद करते हैं। इन दालों की जगह दूसरी दाल के इस्तेमाल के बारे में सोचें, तो मसूर दाल का स्टॉक भी केवल पांच लाख टन का ही बचा है। इसका अर्थ है कि आप जो भी दाल खाएं, उसमें पानी की मात्रा तिगुनी करनी होगी। फिर जो दाल बनेगी, उसमें दाल के कुछ कतरे ढूंढने की कसरत भी करनी होगी। मुफ्तखोर और काहिल जनता को कुछ काम भी मिल जाएगा। थक-हारकर धीरे से वह सरकार का नमक भी खाने लगेगी और अगले चुनाव में इस नमक का हक भी अदा करेगी। ₹नमक-नमक₹ का यह नमकीन खेल चलता रहेगा, लेकिन कुछ की थाली में दाल ही दाल होगी और पांचों उंगलियां और सिर डॉलर में। आज ऐसे धन-पिशाचों की संख्या 85-86 हजार है, तो कल 93-94 हजार होगी। हाल ही में जारी वेल्थ रिपोर्ट का यही आकलन है। करोड़ों की थाली का दाल कुछ हजारों की थाली में समा जाएगा, तो इन हजारों की थाली का नमक करोड़ों की रगों में बहेगा। पूरी दुनिया देखेगी कि दाल और नमक के बंटवारे से हमारे देश में देशभक्ति की कैसी लहर उठती है!! जो लोग आर्थिक असमानता का रोना रोते हैं, वे देखेंगे कि इस असमानता से कैसी सांस्कृतिक एकता पैदा होती है। तब उन्हें संस्कृति की ताकत का भान होगा और अपने तुच्छ माया-मोह पर पछतायेंगे।

लेकिन फिर भी देश की सांस्कृतिक एकता को खड़ा करने और प्रचंड देशभक्ति की लहरों को देखने के बजाय कुछ सिरफिरे सवाल खड़ा कर रहे है कि बफर स्टॉक में कमी क्यों? इसका सीधा-सा कारण है कि सरकार को बाजार में दाल मिल नहीं रही। क्यों नहीं मिल रही?, क्योंकि किसान सरकार को बेच नहीं रहा। क्यों बेच नहीं रहा?, क्योंकि उसे घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य से ज्यादा कीमत बाजार में मिल रही है। सरकार ने जिस अरहर की एमएसपी 7500 रुपए प्रति क्विंटल तय की है, बाजार उसे 10000 रुपये में खरीद रहा है। क्या यह 10000 रुपए सी-2 लागत के डेढ़ गुना से अधिक है? नहीं, वह ए-2 एमएसपी से कुछ अधिक तो है ही। फिर इस अधिक कीमत पर खरीद कौन रहा है? जी, कोचियों के जरिए कॉरपोरेट खरीद रहे हैं। क्या उन्हें इससे घाटा नहीं होगा? नहीं, वे और ज्यादा मुनाफा पीटने के लिए खरीद रहे हैं।

क्या कहा! अधिक कीमत पर खरीदकर वे और ज्यादा मुनाफा कमाएंगे? हां, जब सरकार के पास दाल नहीं होगी, तो अपने निजी स्टॉक के बल पर वे बाजार में दाल का कृत्रिम संकट पैदा करेंगे, इससे दाल की कीमतें बढ़ेगी, कालाबाजारी होगी तथा और ज्यादा मुनाफे की फसल लहलहाएगी। लेकिन यह गलत है, सरकार को कुछ करना चाहिए न?, सही बात है। सरकार ने घोषणा की है कि कुछ लाख टन दाल का वह आयात करने जा रही है।

लेकिन इतने से आयात से गरीब जनता का क्या होगा? होना क्या है जी, वह दाल देखेगी और दाल का पानी देखेगी। कुपोषित होगी और भूख से मरेगी। गरीब जनता होती ही है भूख से मरने के लिए। फिर चाहे वह आंबेडकर के जनतांत्रिक गणराज्य में मरें या संघ-भाजपा के हिन्दू राष्ट्र में, क्या फर्क पड़ता है? उसे तो वोट देकर नमक का हक अदा करना है! लेकिन आप तो दाल के संकट से पैदा देशभक्ति की लहरों को गिनिये। इस देशभक्ति के लिए दाल का त्याग तो किया ही जा सकता है। इस त्याग से वैश्विक भुखमरी सूचकांक में हम कुछ ऊपर और चढ़ जायेंगे, दुनिया में हमारा कुछ नाम और रोशन होगा।

लेकिन ऐसी देशभक्ति तो बड़ी खतरनाक है, जो हमारे देश की जनता को ही भूखा मार दें! जी नहीं, हमारी देशभक्ति वैसी ही है, जैसी ट्रंप की। वे अपने देश की सेवा कर रहे हैं, हम ट्रंप की। ट्रंप की सेवा में ही मेवा है। ट्रंप विश्व अधिनायक हैं और हम विश्व गुरू। अंग्रेजों के जमाने से हमारे परम पूज्यों ने यही सिखाया है कि जनता-वनता के चक्कर में समय बर्बाद मत करो, विश्व अधिनायक की वंदना करो और मशरूम-काजू के बने तर माल उड़ाओ। आप भी समझ जाइए कि हमारा राष्ट्रवाद कितने काम का है। न समझे, तो हमारी ईडी, सीबीआई सब समझा देगी। जेल के पानी में दाल के छिलके ढूंढना पड़े, तो फिर मत कहना बच्चू!

मोटापे को निमंत्रण देती बदलती जीवनशैली

-डॉ सत्यवान सौरभ

भारत में मोटापे में चिंताजनक वृद्धि देखी गई है, रिपोर्ट में बताया गया है कि 24% पुरुष और 25% महिलाएँ अब अधिक वजन या मोटापे से ग्रस्त हैं। चिंताजनक रूप से, पिछले एक दशक में 5-9 वर्ष की आयु के बच्चों में मोटापा दोगुना हो गया है। शहरीकरण, आहार में बदलाव, गतिहीन आदतें और पर्यावरणीय प्रभाव जैसे कारक इस प्रवृत्ति को बढ़ावा दे रहे हैं। इस मुद्दे से निपटने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। अधिक वजन और मोटापे से ग्रस्त महिलाओं का प्रतिशत 20.6% से बढ़कर 24% हो गया, जबकि पुरुषों के लिए यह 18.9% से बढ़कर 22.9% हो गया है। इसके अलावा, 5 साल से कम उम्र के बच्चों में मोटापे की दर 2.1% से बढ़कर 3.4% हो गई है और बड़े बच्चों में यह रुझान और भी खराब है। वर्ल्ड ओबेसिटी एटलस 2022 का अनुमान है कि 2030 तक 5-9 वर्ष की आयु के 10.81% बच्चे और 10-19 वर्ष की आयु के 6.23% बच्चे मोटे होंगे। द लैंसेट रीजनल हेल्थ साउथईस्ट एशिया के एक अध्ययन से पता चलता है कि भारत में लगभग 40% महिलाएँ और 12% पुरुष उदर मोटापे से पीड़ित हैं। आनुवंशिक कारक उदर क्षेत्र में वसा जमा होने की प्रवृत्ति में योगदान करते हैं, जिससे चयापचय सम्बंधी विकारों का खतरा बढ़ जाता है। जबकि मोटापा मुख्य रूप से शहरी समस्या है, लेकिन जीवनशैली में बदलाव और आहार सम्बंधी आदतों के कारण यह ग्रामीण आबादी को तेजी से प्रभावित कर रहा है। वर्तमान में, भारत में 60% मौतें गैर-संचारी रोगों के कारण होती हैं, जो मोटापे और निष्क्रिय जीवनशैली के कारण और भी गंभीर हो जाती हैं।

अस्वास्थ्यकर खाने की आदतें, अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों, परिष्कृत शर्करा और चिकना फास्ट फूड का बढ़ता सेवन मोटापे की बढ़ती दरों का एक प्रमुख कारक है। भारतीय शहरों में फास्ट-फूड के चलन ने विशेष रूप से शहरी मध्यम वर्ग की आबादी को प्रभावित किया है, जिसके परिणामस्वरूप मोटापे के स्तर में वृद्धि हुई है। प्रोटीन, डेयरी और फलों की उच्च कीमतों के कारण कई कम आय वाले परिवार चावल और गेहूँ जैसे सस्ते, उच्च काबोर्हाइड्रेट वाले आहार की ओर रुख करते हैं। सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) मुख्य रूप से मुख्य अनाज की आपूर्ति करती है, जिसमें संतुलित आहार के लिए आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थों की कमी होती है। डिजिटल मनोरंजन और लंबे समय तक काम करने के साथ-साथ बैठे-बैठे ऑफिस की नौकरी, शारीरिक गतिविधि के लिए बहुत कम समय देती है, जिससे वजन बढ़ता है।

अस्वास्थ्यकर खाने की आदतें, अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों, परिष्कृत शर्करा और चिकना फास्ट फूड का बढ़ता सेवन मोटापे की बढ़ती दरों का एक प्रमुख कारक है। भारतीय शहरों में फास्ट-फूड के चलन ने विशेष रूप से शहरी मध्यम वर्ग की आबादी को प्रभावित किया है, जिसके परिणामस्वरूप मोटापे के स्तर में वृद्धि हुई है। प्रोटीन, डेयरी और फलों की उच्च कीमतों के कारण कई कम आय वाले परिवार चावल और गेहूँ जैसे सस्ते, उच्च काबोर्हाइड्रेट वाले आहार की ओर रुख करते हैं। सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) मुख्य रूप से मुख्य अनाज की आपूर्ति करती है, जिसमें संतुलित आहार के लिए आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थों की कमी होती है। डिजिटल मनोरंजन और लंबे समय तक काम करने के साथ-साथ बैठे-बैठे ऑफिस की नौकरी, शारीरिक गतिविधि के लिए बहुत कम समय देती है, जिससे वजन बढ़ता है। लैंसेट ग्लोबल हेल्थ के एक अध्ययन के अनुसार, 50% भारतीय पर्याप्त शारीरिक गतिविधि नहीं करते हैं, जो मोटापे की महामारी का एक महत्त्वपूर्ण कारक है। पोषण और व्यायाम के बारे में जागरूकता की कमी के कारण जीवनशैली के गलत विकल्प चुने जाते हैं, खास तौर पर निम्न आय वर्ग और ग्रामीण क्षेत्रों में। कई भारतीय परिवार गलती से अधिक वजन को अच्छे स्वास्थ्य का संकेत मान लेते हैं, जिससे मोटापे के लिए आवश्यक हस्तक्षेप में देरी होती है। खास तौर पर बच्चों के बीच प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों, शर्करा युक्त पेय पदार्थों और फास्ट फूड का आक्रामक विपणन आहार विकल्पों को बहुत प्रभावित करता है। सोशल मीडिया प्रचार और सेलिब्रिटी समर्थन युवाओं में जंक फूड की खपत को और बढ़ावा देते हैं। शहरी क्षेत्रों के विस्तार के साथ-साथ डिजिटल मनोरंजन और दूर से काम करने के प्रचलन ने समग्र शारीरिक गतिविधि के स्तर को कम कर दिया है। यातायात की भीड़ और प्रदूषण बाहरी व्यायाम को रोकते हैं, जिससे गतिहीन इनडोर गतिविधियों पर अधिक निर्भरता होती है। पार्क, खेल के मैदान और पैदल चलने वालों के अनुकूल क्षेत्रों की कमी से पैदल चलना और साइकिल चलाना जैसी शारीरिक गतिविधियों में शामिल होना मुश्किल हो जाता है। खराब शहरी नियोजन और साइकिल चलाने के बुनियादी ढांचे की कमी सक्रिय आवागमन को जटिल बनाती है, जिससे मोटापे की दर बढ़ती है। इसके अतिरिक्त, प्रदूषण से सम्बंधित सूजन चयापचय सम्बंधी विकारों के जोखिम को बढ़ाती है, जिससे वजन बढ़ सकता है। शोध से पता चला है कि भारतीय शहरों में उच्च प्रदूष

उत्तन डंपिंग ग्राउंड में भ्रष्टाचार का खेल, रवि व्यास ने किया भंडाफोड़

भाईंदर (उत्तरशक्ति)। मीरा भाईंदर महानगर पालिका में भ्रष्टाचार किस तरह फैला हुआ है, इसका अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि डंपिंग ग्राउंड तक को नहीं छोड़ा जा रहा है। 145, मीरा भाईंदर विधानसभा चुनाव प्रमुख एडवोकेट रवि व्यास ने नवनियुक्त मनपा आयुक्त को पत्र लिखकर उनका ध्यान उत्तन डंपिंग ग्राउंड में चल रहे गंभीर भ्रष्टाचार की तरफ आकर्षित करते हुए ठेकेदार तथा वहां नियुक्त मनपा अधिकारी और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। आयुक्त को लिखे पत्र में व्यास ने कहा है कि 6 मार्च को वे उत्तन भाईंदर मार्ग पर जा रहे थे, तभी उन्हें तीन कचरा से भरे डंपर डंपिंग ग्राउंड से भाईंदर की तरफ की तरफ जाते दिखाई दिए, जबकि डंपरों को कचरा ग्राउंड में कचरा खाली कर-के आना होता है। रवि व्यास को यहां हो रहे भ्रष्टाचार की गुप्त शिकायत पहले ही मिल चुकी थी, इसलिए उन्हें यह समझते देर नहीं लगी कि डंपिंग ग्राउंड में डंपरों की फेरी बढ़ाकर महापालिका को लूटने का खेल चल रहा है। उन्होंने उन डंपरों के फोटो निकाले और आयुक्त को पत्र लिखकर तत्काल मामले की जांच कराकर दोषियों को दंडित करने की मांग की। पत्र में व्यास ने लिखा है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से सत्यता की जांच आसानी से की जा सकती है। कुल मिलाकर यह बहुत गंभीर मामला है। भ्रष्टाचार का यह खेल कब से चल रहा है और महापालिका को अबतक कितने का चूना लगाया गया, यह तो जांच का विषय है।

जय हिन्द चालक मालक आटा चक्की यूनियन की विशेष मीटिंग अशोकनगर में संपन्न

आचार्य सूरजपाल यादव/भिवंडी (उत्तरशक्ति)। भिवंडी के अशोकनगर स्थित बिल्डिंग नंबर -4/ए गाला नंबर 2 पर जय हिन्द चालक मालक आटा चक्की यूनियन की आटा पिसाई के भाव को लेकर विशेष मीटिंग आयोजित की गयी । बतादें कि यूनियन के अध्यक्ष लल्लन शिवमूरत यादव के नेतृत्व में सभा का आयोजन किया गया जिसमें आटा पिसाई का भाव 6 रुपये से बढाकर 7 रुपये करने का निर्णय लिया गया वहीं शुक्रवार दोपहर बाद चक्की पूरी तरह से बंद का निर्णय लिया गया । उक्त नियमों का पालन नहीं करने वालों पर 1000 रुपये का दंड वसूल किये जाने का प्रस्ताव पास किया गया । इस की अध्यक्षता युनियन के प्रमुख सलाहकार पूर्व नगरसेवक विकास निकम ने किया वहीं प्रमुख सलाहकारों में लक्ष्मण गायकवाड भाजपा नेता पी डी यादव , पूर्व अध्यक्ष रामअवध यादव , उपाध्यक्ष हरेन्द्र यादव , कार्याध्यक्ष सुधीर सोनी , सचिव हवलदार पाल , कोषाध्यक्ष संजय मिश्रा , रमेश सोनी , मुकेश गुपता , विजयबहादुर यादव , सैलेश यादव , शेष नारायण मिश्रा , अब्बास शेख , अनीस अहमद , बबलू विश्वकर्मा , मटरू यादव , संजय गुप्ता , शिवशंकर यादव , बली प्रताप , शेख मोहम्मद , लालता प्रसाद पाल , नारायन पाल , अब्दुल कादिर अंसारी , राजकुमार विश्वकर्मा , जितेन्द्र कुमार , सामा यादव , रमाशंकर यादव आदि लोग उपस्थित थे।

तीन दिनों में तीन पदक- जारवान तुम्बोली ने एनपीएस इंडिया 2025 में महाराष्ट्र को गौरवान्वित किया

मुंबई। पोकरबाजी टीम प्रो और महाराष्ट्र के सबसे कुशल पेशेवर पोकर खिलाड़ियों में से एक, जारवान तुम्बोलीने ने भारत की सबसे बड़ी पोकर टूनार्मेंट श्रृंखला के शुरूआती तीन दिनों में तीन प्रतिष्ठित पदक-एक स्वर्ण और दो रजत हासिल करते हुए राष्ट्रीय पोकर श्रृंखला एनपीएस इंडिया 2025 के शुरूआती सप्ताह में एक शक्तिशाली बयान दिया है। श्रृंखला की शुरूआत में जारवान की उपलब्धि के साथ, महाराष्ट्र एनपीएस में अपनी प्रमुखता का प्रदर्शन करना जारी रखता है, जो पिछले चार संस्करणों से राज्य तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है। इसके अलावा, एनपीएस इंडिया के चल रहे संस्करण ने पहले ही चार दिनों के भीतर 43,000 से अधिक प्रविष्टियां जमा कर ली हैं, जो इसकी बढ़ती लोकप्रियता और देश भर में फैले उत्साह को दशार्ता है। टूनार्मेंटों में अपनी तेज प्रवृत्ति के लिए जाने जाने वाले जरवन ने उसी अटूट मानसिकता के साथ नेशनल पोकर सीरीज इंडिया 2025 की शुरूआत की। उनकी सफल जीत न केवल उनकी प्रतिभा का प्रमाण थी, बल्कि प्रतियोगिता को आगे बढ़ाने में एक मास्टरक्लास भी थी, जिसने भारत के सबसे दुर्जेय पोकर खिलाड़ियों में से एक के रूप में उनकी प्रतिष्ठा को मजबूत किया। प्रतियोगिता में उनके प्रदर्शन ने भारत की सबसे बड़ी पोकर श्रृंखला में उनके प्रभुत्व का उदाहरण दिया और यह अगली पीढ़ी के उभरते पोकर खिलाड़ियों को सर्वश्रेष्ठ से सीखने के लिए भी प्रेरित करेगा। अपने उत्साह को व्यक्त करते हुए, जारवान ने साझा किया, पोकर एक माइंड स्पोर्ट है जहां कौशल, रणनीति और अनुकूलनशीलता महत्वपूर्ण है, और एनपीएस इंडिया ने इसे प्रदर्शित करने के लिए सही मैदान प्रदान किया है। महाराष्ट्र से आकर, जहां पोकर समुदाय मजबूत हो रहा है, इस प्रतिष्ठित आयोजन में तीन पदक जीतना सम्मान की बात है।

मैं एनपीएस इंडिया 2025 में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने के लिए उत्सुक हूं, जिसके बाद नेशनल पोकर चैंपियन शोडाउन होगा, जहां मेरा लक्ष्य अपने राज्य के सभी खिलाड़ियों के लिए एक और मेगा इवेंट में मुफ्त प्रवेश सुनिश्चित करना है। नेशनल पोकर सीरीज इंडिया 2025 की शुरूआत में जरवन का उत्कृष्ट प्रदर्शन और उनकी पोकर यात्रा 'नेवर प्ले सेकंड' अभियान की भावना को दशार्ती है, जो सीमाओं को आगे बढ़ाती है और शीर्ष के लिए प्रयास करती है। नेशनल पोकर सीरीज इंडिया 2025, पोकरबाजी पर आयोजित, अपने 5वें सीजन में रिकॉर्ड-ब्रेकिंग क्ठफ100 करोड़ पुरस्कार पूल के साथ, 23 फरवरी को शुरू हुआ और 24 मार्च, 2025 तक चलेगा, जो अब तक के अपने सबसे प्रतिस्पर्धी संस्करण के लिए मंच तैयार करेगा।

चांदीवली विधानसभा में अवैध पार्किंग के खिलाफ जीवनधारा संघ ने किया साकीनाका में आंदोलन

मुंबई (उत्तरशक्ति)। चांदीवली विधानसभा के अंतर्गत आने वाले साकीनाका ९० फीट रोड और आसपास के इलाकों में अवैध पार्किंग की भरमार हो गई है। अवैध पार्किंग के कारण स्थानीय नागरिकों और राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस कारण अवैध पार्किंग से हो रही दिक्कतों को देखते हुए शनिवार को जीवनधारा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोविंद (भाऊ) पांडे के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोगों ने साकीनाका मेट्रो पर आंदोलन किया।

बता दें कि लंबे समय से साकीनाका ९० फीट रोड, मैक्सेस सिनेमा असल्फा लिंक रोड , मोहिली विलेज मनपा विद्यालय , खैरानी रोड और कमानी ऑइलमिल साकीविहार रोड ,क्लाइंट्स शूट्स होटल तक व चांदीवली पेट्रोल पंप से बुमराइंग कंपनी तक अवैध पार्किंग की भरमार हो गई है। यहां टेंपो,रिक्शा , प्राइवेट गाड़ियां बड़े पैमाने पर खड़ी की जा रही हैं। जबकि साकीनाका 90 फीट रोड पर ट्रांसपोर्ट की गाड़ियां लंबे समय से अवैध रूप से पार्किंग की जा रही है। इस कारण जीवनधारा संघ की ओर से साकीनाका के पेनिनसुला होटल

के सामने जोरदार आंदोलन किया गया। इस दौरान जीवनधारा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोविंद पांडे ने बताया कि कुछ दिल पहले टेंपो की अवैध पार्किंग के आड़ में एस. जे. स्टूडियो के पास रेप जैसी घटना हुई थी उसी तरह काजूपाड़ा में कुछ दिन पहले महानगर पालिका के विद्यालय में अवैध पार्किंग से ड्राइवर जब अपनी गाड़ी निकाल रहा था उस समय विद्यालय में बच्चे को छोड़ने आई महिला को जान गवानी पड़ी। गोविंद पाण्डेय ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर आने वाले २१ दिन में हमारी मांगे पूरी नहीं हुई तो २९ मार्च को पुनः जन आंदोलन होगा । यदि कानून व्यवस्था बिगड़ी तो उसका जिम्मेदारी ट्रैफिक पुलिस की होगी। इसी कड़ी में हिंदुराष्ट्र सेना के महामुंबई अध्यक्ष प्रकाश सावंत ने कहा कि यदि साकीनाका ट्रैफिक मुक्त नहीं हुआ तो २९ मार्च के आंदोलन में हम पुलिस की बात नहीं सुनेंगे। इस आंदोलन में शामिल प्रमुख लोगों में जीवनधारा संघ की महाराष्ट्र महिला सचिव सारिका नायडू आरे अम्मा , राष्ट्रीय सचिव पुष्पराज वेंलगणी, मुंबई महिला अध्यक्षा सोनी कांगड़ा, उत्तर मध्य मुंबई महिला अध्यक्षा धनलक्ष्मी पटेल,ठाणे जिला महिला अध्यक्षा डिंपल मिश्रा, चांदीवली विधानसभा युवा सचिव अजय पाण्डेय व अफजल शेख, चांदीवली विधानसभा युवा सचिव प्रदीप शर्मा,हिंदुराष्ट्र सेना के चेंबूर अध्यक्ष संदीप मांडवाकर, शोभा पुजारी,विनोद पाल, पापा यादव,अमानत रहेमानी, अकबर शेख व पुरुष, महिला टीम और युवा टीम के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

समाज के हर क्षेत्रों में आगे बढ़ रही महिलाएं : लल्लन तिवारी

भाईंदर (उत्तरशक्ति)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान राहुल एजुकेशन के चेयरमैन लल्लन तिवारी ने राहुल एजुकेशन की एचआर मैनेजर श्रीमती आरती पांडे और राहुल डीएड कॉलेज की प्रिंसिपल श्रीमती अंजलि सुर्वे का सम्मान करते हुए कहा कि आज समाज के हर क्षेत्रों में महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि महिला दिवस का उद्देश्य महिलाओं के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक योगदान को पहचानना और उनके अधिकारों की रक्षा करना है। यह दिन महिलाओं के साथ समानता और उनके अधिकारों के लिए संघर्ष की याद दिलाता है।

सांसद डॉ. हेमंत सावरा ने भीमनगर में नवनिर्मित जिला परिषद विद्यालय का किया उद्घाटन

पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)। जिले के बोईसर शहर अंतर्गत भीमनगर में नवनिर्मित जिला परिषद विद्यालय का उद्घाटन शुक्रवार 7 मार्च 2025 को पालघर लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. हेमंत विष्णु सावरा के हाथों रिविन काट कर किया गया।

बतादें कि जिला परिषद सदस्य महेंद्र भोणे के प्रयासों से भीमनगर में प्राथमिक शिक्षा विभाग द्वारा नवनिर्मित जिला परिषद विद्यालय भवन का उद्घाटन सांसद डॉ. हेमंत सावरा के हाथों किया गया। इस मौके पर जिला परिषद महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से 8 स्कूली छात्राओं को दो पहिया साईकल वितरित की गई। वहीं जिला परिषद के 15 वें वित्त आयोग की

निधि से निर्मित पी.डी.नगर में आरसीसी रोड तथा गणेश नगर में आरसीसी गटर का उद्घाटन भी किया गया। इस अवसर पर शिवशक्ति सामाजिक संगठन के प्रमुख व वरिष्ठ भाजपा नेता संजय पाटील, जिला सचिव अंकुर राऊत, कार्यक्रम के अध्यक्ष अप्पा लोखंडे, बोईसर ग्राम पंचायत के उपसरपंच नीलम संखे, ग्राम विकास अधिकारी कमलेश संखे, जि. प.सदस्य महेंद्र भोणे, बोईसर -पालघर पत्रकार संघ(रजि.)के अध्यक्ष रामप्रकाश निराला, पूर्व सरपंच वैशाली बाबर, मौली महिला ग्राम संघ की अध्यक्षा माधवी भोणे, ग्रा.प.सदस्य रंजीत खरात, वेदिका वलवी, पी.सम्मा, स्वेता देसले, वैशाली सादुलवाड, वंदेश भोणे, प्रमोद जाधव, विप्र फाउंडेशन के प्रमुख ब्रह्मदेव चौबे सहित अनेक ग्रामस्थ तथा मान्यवर पत्रकार उपस्थित थे। इस दौरान कार्यक्रम के अध्यक्ष अप्पा लोखंडे द्वारा बुद्धविहार की जमीन मंजूर करने तथा स्कूल के लिए सिविल डिफेंस की पडित जमीन दिलवाने की मांग पर उचित कार्यवाही करने का लोकसभा सदस्य डॉक्टर हेमंत सावरा ने अश्वासन दिया। कार्यक्रम के अंत में विप्र फाउंडेशन के अध्यक्ष ब्रह्मदेव चौबे व बोईसर-पालघर पत्रकार संघ के अध्यक्ष रामप्रकाश निराला द्वारा बोईसर प.रेलवे स्टेशन पर उत्तर भारत के गाजीपुर व गोरखपुर आदि जगहों के लिए ट्रेन को बोईसर(प.रे) पर रोकने का निवेदन दिया। जिस पर सांसद डॉ. हेमंत सावरा ने उचित कार्यवाही करने का अश्वासन दिया।

अबू आसिम आजमी का सदन से निलंबन सिर्फ काफी नहीं : वसीम खान

मुंबई (उत्तरशक्ति)। अबू आसिम आजमी की भाषा देश तोड़ने वाली है उन्हें देश बदर करना चाहिए। उक्त बातें मुंबई भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष वसीम खान ने कही ।आज इसी संदर्भ में मुंबई भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकताओं ने मुंबई भाजपा अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री आशीष शेलार के मार्गदर्शन में विधायक और मोर्चा के प्रभारी संजय उपाध्याय के नेतृत्व में मुंबई भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष वसीम खान की अध्यक्षता में दक्षिण मुंबई के ज़िलाध्यक्ष शरद चिनतनकर की प्रमुख उपस्थिति में फजलुर्रहमान अंसारी हुसेन पठाण , अल्ताफ खान ,शाहनवाज पठाण, सहित कई कार्यकताओं ने कोलाबा पुलिस स्टेशन में अबू आसिम के खिलाफ देश द्रोह का मुकदमा चलाने के लिए पत्र दिया । इस दौरान वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रमोद भोईटे ने जल्द से जल्द एफआईआर दर्ज करने का आश्वासन दिया।

बड़ी संख्या में कार्यकताओं की मौजूदगी में वसीम खान ने कहा यदि समाजवादी पार्टी अबू आजमी को दो दिन मे पार्टी से नहीं निकालेगी तो हम मुंबई समाजवादी पार्टी के दफ़्तर में जाकर तीव्र आंदोलन करेंगे।

वहीं जिला अध्यक्ष हुसेन पठाण ने कहा कि अबु आजमी पर देश द्रोह का मामला दर्ज होना चाहिए। पठाण ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज छत्रपति संभाजी महाराज का अपमान हम सहन नही करेगे।

जूनी डोंबिवली अंडरपास से गणेश घाट तक कांक्रीट सड़क का उदघाटन

भाजपा प्रदेश कार्याध्यक्ष रविंद्र चव्हाण की विशेष निधि से सड़क का निर्माण

डोंबिवली(उत्तरशक्ति)। भाजपा के प्रदेश कार्याध्यक्ष और विधायक रविंद्र चव्हाण की विशेष निधि से जूनी डोंबिवली इलाके में कांक्रीट सड़क का निर्माण किया गया है। शुक्रवार को रविंद्र चव्हाण और स्थानिक भाजपा कार्यकताओं की मौजूदगी में सड़क का उदघाटन संपन्न हुआ। जूनी डोंबिवली अंडरपास से गणेश घाट की ओर जाने वाली सड़क की हालत खस्ता हो चुकी थी। खराब रास्ते की वजह से अंडरपास से होते हुए गणेश घाट की ओर जाने वाले वाहनचालकों व नागरिकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। जनता की

समस्याओं को ध्यान में रखते हर विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री रविंद्र चव्हाण की विशेष निधि से सड़क की मरम्मत का काम पूरा हो चुका है। कांक्रीट की मजबूत सड़क बनने से वाहनचालकों के साथ-साथ गणेशोत्सव में मूर्ति विसर्जन के लिए जाने वाले गणेश भक्तों को भी राहत मिलेगी। सड़क उदघाटन के दौरान बीजेपी के कल्याण लोकसभा चुनाव प्रमुख शशिकांत कांबले, युवा मोर्चा के डोंबिवली पश्चिम मंडल अध्यक्ष कृष्णा पाटिल, रसिका कृष्णा पाटिल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

आयुक्त डा.इंदुराणी जाखड़ के हाथों तीन शौचालयों का उदघाटन

शहर की स्वच्छता के दृष्टिकोण से यह शौचालय काफी महत्वपूर्ण

कल्याण (उत्तरशक्ति)। स्वच्छ भारत अभियान के तहत कल्याण में महानगर पालिका द्वारा आकांक्षी शौचालय का निर्माण किया गया है। 8 मार्च विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य में कल्याण-डोंबिवली महानगर पालिका की आयुक्त डा.इंदुराणी जाखड़ के हाथों तीन शौचालयों का उदघाटन किया गया। उदघाटन के उपरांत महापालिका आयुक्त जाखड़ ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत आकांक्षी शौचालय की संकल्पना को अमल में लाया जा रहा है। इसी संकल्पना के तहत मुंबई विश्वविद्यालय उपकेंद्र के पास और आधारवाड़ी में सर्वसुविधायुक्त शौचालयों का निर्माण किया गया है। शहर की स्वच्छता के दृष्टिकोण से यह शौचालय काफी महत्वपूर्ण है।

आयुक्त ने कहा कि महिला दिवस पर उदघाटन के साथ इस योजना को महिलाओं को समर्पित किया गया है। महिलाओं की सुरक्षा, ऑटोमैटिक क्लिंनिंग, विकलांग नागरिकों के लिए अलग से सुविधा के साथ ही इन शौचालयों में गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध है। केवल महिलाएं ही नहीं बल्कि सभी नागरिक केवल नाममात्र शुल्क पर इस शौचालय का उपयोग कर सकते हैं। उदघाटन समारोह में आयुक्त इंदुराणी जाखड़ के अलावा उपायुक्त अतुल पाटील, उपायुक्त संजय जाधव, शहर अभियंता अनिता परदेशी, शौचालय बनाने वाले अशोका डेवलपर्स की संचालिका शमिति सूद,व्यवस्थापक पीएच राबड़िया सहित महापालिका के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

जलवायु चुनौतियों से निपटने में सामूहिक प्रयासों की जरुरत : दिया मिर्जा

मुंबई (उत्तरशक्ति)। द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (टेरी) द्वारा आयोजित विश्व सतत विकास शिखर सम्मेलन 2025 के 24वें संस्करण का तीन दिनों की गहन चर्चा, रणनीतिक नीति संवादों और साहसिक वैश्विक प्रतिबद्धताओं के बाद समापन हुआ, जिसने स्थिरता और जलवायु लचीलेपन के लिए वैश्विक एजेंडे को और मजबूत किया। समापन सत्र, बहु-हितधारक संवादों के माध्यम से प्रभाव को आगे बढ़ाना, ने जटिल सतत विकास चुनौतियों और पर्यावरणीय चिंताओं के समाधान में सहयोगी साझेदारी की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। इस अवसर पर सुश्री दिया मिर्जा, अभिनेत्री, निमार्ता, यूएनईपी गुडविल एंबेसडर और यूएन महासचिव की एसडीजी एडवोकेट ने जलवायु चुनौतियों से निपटने में व्यक्तिगत और सामूहिक प्रयासों की शक्ति को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, आगे का रास्ता आसान नहीं होगा। चुनौतियाँ आएँगी, संदेह के क्षण भी होंगे। लेकिन यदि हम एकजुट होकर काम करें, न्याय, समानता और स्थिरता के मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहें, तो मुझे विश्वास है कि हम इस अवसर का सामना आवश्यक तत्परता और संकल्प के साथ कर सकते हैं। जब मैं समाधान के बारे में सोचती हूँ, तो मैं Act4Earth आंदोलन को याद करती हूँ, जो मेरे दिल के करीब है। यह केवल पुनर्चक्रण या पेड़ लगाने के बारे में नहीं है, बल्कि हमें पृथ्वी से फिर से जुड़ने के लिए प्रेरित करने

वाला एक आंदोलन है। यह हमारी पसंद को इस तरह से निर्धारित करने का आह्वान करता है, जिससे हम अपने ग्रह की रक्षा कर सकें और पर्यावरणीय प्रभाव को कम कर सकें। अंतिम दिन के पहले सत्र की शुरूआत टेरी के अध्यक्ष श्री नितिन देसाई के उद्घाटन संबोधन के साथ हुई, जिन्होंने दीर्घकालिक पर्यावरणीय और विकासात्मक प्रभाव को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न हितधारकों के बीच निरंतर संवाद की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, सतत विकास दो ज्ञान समुदायों–विकास समुदाय और पर्यावरण समुदाय–के बीच सेतु का कार्य करता है। यही सततता की वास्तविक चुनौती हैः हम विकास कैसे प्राप्त करें और साथ ही पर्यावरण की रक्षा कैसे करें यह एक आसान कार्य नहीं है।

संयुक्त राष्ट्र की उप महासचिव सुश्री अमीना जे. मोहम्मद ने अपने विशेष 'वैश्विक नेतृत्व' (वीडियो संदेश) में संयुक्त राष्ट्र की वैश्विक जलवायु कार्रवाई के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराया और सतत विकास लक्ष्यों की प्रगति में तेजी लाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा, भूख बढ़ रही है, और हमने अब तक के सबसे गर्म वर्षों को देखा है, जिसमें कार्बन डाइऑक्साइड का स्तर लगातार बढ़ रहा है। लेकिन हमें आशा नहीं छोड़नी चाहिए या अपनी महत्वाकांक्षाओं को कमजोर नहीं करना चाहिए। अब समय आ गया है कि हम लोगों, ग्रह और समृद्धि के लिए SDGs को बचाने की योजना को आगे बढ़ाएं।

विश्व बैंक के उपाध्यक्ष श्री मार्टिन रायजर ने सतत वित्तपोषण और जलवायु लक्ष्यों की प्राप्ति में वैश्विक सहयोग के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ₹हरऊ विचारों और अनुभवों के आदान-प्रदान का एक उत्कृष्ट अवसर है, जो हमें वांछित परिवर्तन की दिशा में प्रेरित करता है। हम हरित परिवर्तन को निवेश और रोजगार वृद्धि का एक प्रेरक कारक मानते हैं। भारत से बेहतर कोई देश नहीं है जो इस हरित परिवर्तन को आगे बढ़ा सके।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय :
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com

स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति, विश्व समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
पत्राचार कार्यालयः मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com

खेतासराय पुलिस ने शादी का झांसा देकर लोगों को ठगने वाले गिरोह का किया भण्डाफोड़

एक महिला व एक पुरुष आरोपी गिरफ्तार

खेतासराय,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। थाना खेतासराय पुलिस द्वारा शादी का झासा देकर लोगो को ठगने वाले गिरोह का भण्डाफोडकर गिरोह से सम्बन्धित आरोपीगण एक महिला व एक पुरूष को किया गिरफ्तार) आज दिनांक-08.03.2025 को डॉ0 कौस्तुभ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर अरविन्द कुमार वर्मा एंव क्षेत्राधिकारी शाहगंज अजीत सिंह चौहान के पर्यवेक्षण व रामाश्रय राय थानाध्यक्ष खेतासराय, जौनपुर के कुशल नेतृत्व में शादी का झासा देकर लोगो को ठगने वाले गिरोह का पदार्फास करते हुये राजस्थान व हरियाणा तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगो को एजेन्ट क माध्यम से शादी कराने का झासां देकर शादी कराने/लडकी दिखाने के लिये बुलाने एवं उनसे मोटी रकम ठग कर चम्पत हो जाते थे। इसी क्रम में आवेदक पृथ्वी सिँह एसओ प्रहलाद सिंह निवासी ग्राम डाडा फतेहपुर थाना मेहाडा तहसील खेतडी जिला झून्झूनू राजस्थान (333503) द्वारा

लिखित सूचना दिया गया कि अभियुक्त 1- ललई एसओ शिवचरन गाँव सन्दहा जौनपुर 2- बजरंगी पुत्र नन्दलाल ग्राम मलहज शाहगंज, 3-बृजेश व एक महिला कामिनी पत्नी अमरजीत ग्राम मोहमदाबाद खेतासराय जो अपने को लडकी का चाची बता रही है के द्वारा उनके लडके की शादी कराने की बात बतायी गयी तथा आवेदक को खेतासराय बुलाया गया तथा आवेदक से मोटीरकम ठगकर फरार होने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दिया जिसपर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर घटना को तत्काल संज्ञान में लेते हुये थाना स्थानीय के पुलिस बल द्वारा आरोपी ललई पुत्र शिवचरन व कामिनी पत्नी अमरजीत उपरोक्त को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। पूछताछ पर आरोपीगण द्वारा बताया गया कि हम लोगो का एक सक्रिय गिरोह है जो राजस्थान मध्य प्रदेश व पश्चिमि के लोगो से सम्पर्क स्थापित कर शादी के लिये बुलाया जाता है और उनको विश्वास में लेकर लडकी का फोटो दिखाया जाता है और शादी व बारात के खर्चे के लिये एडवांस में रकम ली जाती है औ? फिर हम लोग दाये बाये हटबढ जाते है। गिरोह के अन्य सदस्यो की तलाश की जा रही है और इनके तार कहा कहा से जुडे है इसकी जानकारी की जा रही है।

मातृशक्ति को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस: अजय सिंह

उत्कृष्ट कार्य करने वाली मातृशक्तियों को प्रमुख प्रतिनिधि ने किया सम्मानित

निशानाथ

खेतासराय,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर कार्यक्रम का आयोजन कर महिला दिवस मनाया गया। जिसके क्रम में विकास खण्ड शाहगंज सोंधी के सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली। मातृशक्ति को ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अजय सिंह ने प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। जिसमें पंचायत सहायक, बी.सी. सखी, बैंक सखी, समूह सखी के साथ समूह की महिलाएं शामिल रही। कार्यक्रम में बी.एम.एम. संदीप द्विवेदी, रवींद्र कुमार, अरुण कुमार, कमलाकांत, विजय कुमार यादव,रहमान मन्नू, समेत आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बी.सी. कमलाकांत ने किया। वही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोंधी पर शनिवार को एक प्रभातफेरी निकाली गयी। जो खेतासराय चौराहे पर जाकर सम्पन्न हो

गया। रैली में, महिला दिवस की यही पैगाम नारी का हो सदा सम्मान, इस सृष्टि की शान है नारी जगत जननी महान है नारी, हम सबकी यही पुकार नारी का हो सदा सम्मान आदि तख्ती पर लिखे नारों को लगाते हुए कतारबद्ध होकर महिलाएं चल रही थी। रैली सम्पन्न होने के पश्चात एक संगोष्टी का आयोजन किया गया। जिसमें डॉक्टर समरीन सहला ने कहा कि महिलाएं आज पुरुषों से किसी कार्य में पीछे नहीं है। महिलाएं देश को आगे बढ़ाने में विशेष योगदान दे रही है।विज्ञान, शिक्षा, स्वास्थ्य व व्यवसाय के क्षेत्र में नारी सशक्त हो चुकी है। अब महिलाओं के साथ किसी प्रकार का शोषण या अत्याचार नहीं होना चाहिए। वही कार्यक्रम में डॉक्टर फिरदौसिया ने कहा कि बिना महिला के परिवार की कल्पना नहीं की जा सकती है। आज महिलाएं न होती तो सृष्टि की कल्पना नहीं की जा सकती, इसीलिए सभी को महिला का सम्मान करना चाहिए। इस दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर सूर्य प्रकाश यादव, डॉ0 मसूद अहमद खान, डॉक्टर फैजान अंसारी, अवधेश कुमार तिवारी, रश्मि सेठ, विनीता, राधेश्याम टण्डन समेत राहुल, अंकुर श्रीवास्तव, सुजीत मौर्य आदि लोग उपस्थित रहे।

पीडीए जागरूकता एवं मतदाता सूची को लेकर युद्ध स्तर पर काम की जरूरत: राकेश मौर्य

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिला समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष राकेश मौर्य की अध्यक्षता में प्रातः 10:00 बजे मंगलम लॉन मियांपुर में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्षीय उद्बोधन में जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के निर्देश पर संविधान निमार्ता बाबासाहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के सम्मान में पीडीए जनसंवाद कार्यक्रम जौनपुर जनपद की सभी विधानसभा क्षेत्रों सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। पीडीए चर्चा कार्यक्रम के दौरान बहुजन समाज के लोगों ने बढ़चढकर हिस्सा लिया। अब पीडीए एकता और जागरूकता के लिए राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर पीडीए चर्चा कार्यक्रम अनवरत जारी चलता रहेगा। जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने मतदाता सूची पर विशेष ध्यान देते हुए नए नामों को जोड़ने, विलोपन, संशोधन कराए जाने के निर्देश दिए हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि मतदाता सूची की निगरानी आवश्यक है। उन्होंने कार्यकताओं नेताओं से बहुजन समाज एवं शोषित वंचित पीडीए समाज को जोड़कर चलने के निर्देश दिए। बैठक को विधायक तूफानी सरोज,पूर्व मंत्री संगीता यादव, पूर्व प्रमुख रमापति यादव, प्रदेश सचिव हिसामुद्दीन शाह, सुशील दुबे, राजन यादव, कलीम अहमद, रुखसार अहमद, महेंद्र यादव, प्रभानंद यादव, रत्नाकर चौबे, श्यामबहादुर पाल, सुरेश यादव, हीरालाल विश्वकर्मा, राजेंद्र यादव टाइगर, राजेंद्र

यादव, डॉ सरफराज खान, इरशाद मंसूरी, महेंद्र यादव नैपाल, अनवारूल हक गुड्डू, लाल मोहम्मद राईनी, कमलेश यादव, दीनानाथ सिंह, राहुल त्रिपाठी, मनोज मौर्य, उमाशंकर पाल, उमाशंकर चौरसिया, संजीव साहू, दीपक विश्वकर्मा, डॉ जंगबहादुर यादव, आनंद गुप्ता, शर्मिला यादव, शिवप्रकाश गिरि, बिरजू यादव, रमेश साहनी, लक्ष्मीशंकर यादव, हवलदार चौधरी, रमेश मौर्य, मुनव्वर अली, श्याम नारायण बिंद, मंजय कन्नौजिया, बरसातू राम सरोज, हरिश्चंद प्रभाकर, विवेक यादव, विधानसभा अध्यक्ष गण रामजतन यादव, वीरेंद्र यादव, राम अकबाल यादव, रामू मौर्य, नंदलाल यादव ने संबोधित किया। बैठक में डॉ अजय यादव को मजदूर सभा का राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने पर उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व विधायक श्रद्धा यादव, डा. अमित यादव, राजकुमार बिंद, सुशील श्रीवास्तव, प्रवीण निषाद, गुलाब यादव, धीरज बिंद, जयप्रकाश प्रिंसू, सोनी यादव, गुड्डू सोनकर दिलीप प्रजापति, ऋषि यादव, चंद्रशेखर यादव, धर्मेंद्र सोनकर, प्रेमशंकर यादव, समर बहादुर यादव, शिवप्रकाश विश्वकर्मा, रामकेश बिंद, उमेश यादव, अरविंद यादव, श्याम कुमार मौर्य, सुनील वासुदेव, सुभाष बघेल, अनुज दुबे, अरविंद सोनकर, कपिलदेव यादव, मुहम्मद अली, प्रमोद कुमार गौंड, डी पी यादव, संदीप कुमार बिंद, मीरा यादव, धर्मेंद्र कुमार पासी, शुभम यादव, सलीम मंसूरी, तज मोहम्मद, रमाशंकर यादव, आकाश यादव, शिवांशु यादव, लालजी यादव, अमर बहादुर यादव, प्रदीप शर्मा, रविशंकर यदुवंशी, रूबी बिंद, बी आर यादव, धर्मेंद्र यादव, विकास यादव, पुनीत यादव,अमजद अंसारी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का संचालन जिला महासचिव आरिफ हबीब ने किया।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर गोष्ठी का हुआ आयोजन

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी के सभागार में गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह द्वारा बताया गया कि भारत में सरकार विभिन्न नीतियों, योजनाओं और विधायी उपायों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण और लैंगिक समानता की दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रही है। देश महिला विकास से महिला नेतृत्व वाले विकास की ओर बढ रहा है, जो राष्ट्रीय प्रगति में समान भागीदारी सुनिश्चित करता है। महिलाए भारत के सामाजिक -आर्थिक परिदृश्य को आकार देने, शिक्षा, स्वास्थ्य डिजिटल समावेशन और नेतृत्व की

भूमिकाओं में बाधाओं का तोडने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग में चल रही योजनाओं जननी सुरक्षा योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, एनीमिया मुक्त भारत, योजनाओं के बारें में प्रकाश डाला। सरकार ने समाज के सभी वर्गों की महिलाओं के लिए मातृ एंव शिशु स्वास्थ्य, पोषण और चिकित्सा सहायता सुनिश्चित करने के लिए कई नीतिया शुरू की है। गोष्ठी में डा0 राजीव कुमार एंव डा0 बी0सी0 पन्त अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहें।

महिलाएं अपनी शक्ति को पहचाने और समाज की मुख्य धारा से जुड़ें: कंचन भारती

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सामाजिक संस्था टाई केयर नेआयोजित किया कार्यक्रम

विशाल सोनी

शाहगंज,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। आज के ही दिन गैरबराबरी की

लड़ाई को जीता, जैसे काम के घण्टे, सामान वेतन आदि। आज के महिलाएं बराबरी को ध्यान में रख आसमान की ऊंचाइयां छू रही है। उक्त बातें शनिवार को रामलीला मैदान में टाई केयर और मित्र मंडली संगठन के संयुक्त तत्वधान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने आगे कहा की महिलाएं देश सम्भाल रही है। अधिकारी बन रही हैं।जहाज चला रही है, अंतरिक्ष जा रही है। फिर भी अभी भी कहीं न कहीं कमी और महिलाओं को सिर्फ इस्तेमाल किया जाता है। आज भी सरकार द्वारा महिला आरक्षण का लाभ मिलने पर भी और जन प्रतिनिधि बनने पर भी उन्हें सिर्फ इस्टाम्प की तरह इस्तेमाल किया जाता है। जिसकी लड़ाई हमे लड़नी है। मित्र मंडली की अध्यक्ष किरण ने कहा की भी जंग को जीतने के लिए संगठित होने की जरूरत है तभी समाज मे महिलाओं के प्रति दहेज, हिंसा आदि समस्याओं से लड़ा जा सकता है। कार्यक्रम में सुरिस, बुमकहा, पट्टिनरेंद्र पुर, डोमनापुर, भादी, गोल्हागौर, महम्मदपुर, रसूलपुर आदि गांवों की सैकड़ों महिलाओं और युवतियों ने सांस्कृतिक, नारा, गीत, और नुक्कड नाटक द्वारा महिला दिवस पर अपनी प्रस्तुति देकर जागरूक करने का प्रयास किया।

कार्यक्रम में शीला, ममता, कलावती, सावित्री, पिंकी सोनी, श्रीमती एकता, डाक्टर वंदना वर्मा, गीता, ललिता, सोनी, कुसुम, मनभावती, मीरा, श्यामा, पूनम,एवं राष्ट्रपति आवर्डेड चन्द्रावती निगम प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन विददोतमा ने किया।

राज्यपाल 10 को आएंगी वाराणसी, विभिन्न कार्यक्रमों में होंगी शामिल

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल 10 मार्च को दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचेंगी। अपने प्रवास के दौरान वे कमिश्नरी सभागार में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगी। राज्यपाल आईसीडीएस योजना के तहत आंगनबाड़ी कार्यकताओं को किट वितरित करेंगी और एनएसई के साथ एमओयू पर चर्चा करेंगी, इसके अलावा, 40 कॉलेजों में सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीनों के वितरण कार्यक्रम में भी वे भाग लेंगी। दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए दिव्यांग साथी पोर्टल का भी शुभारंभ करेंगी। इसके बाद, वे काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन करेंगी और वाराणसी में रात्रि प्रवास करेंगी।अगले दिन वे लखनऊ के लिए रवाना हो जाएंगी। राज्यपाल के दौरे को लेकर प्रशासन तैयारियों में जुटा है।

जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में कोतवाली बदलापुर में थाना समाधान दिवस का हुआ आयोजन

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। जिलाधिकारी डॉ० दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में कोतवाली बदलापुर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।इस

दौरान जिलाधिकारी ने शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित अधिकारी और कर्मचारीगण को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने जनता की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने सभी शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने होली पर्व और रमजान माह के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने हेतु निर्देश दिया और सभी से अपील की गई कि आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के साथ आगामी त्योहार मनाएं। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी बदलापुर योगिता सिंह, राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

वाराणसी में युवक का शव मिलने से परिवार वालों का हुआ बुरा हाल, जांच में जुटी पुलिस

डॉ.एस.के.मिश्र, वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जिले के भेलूपुर थाना अंतर्गत दुगाकुंड चौकी स्थित जेआरएस कोचिंग सेंटर लेन नंबर 2 के पास एक व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान 37 वर्षीय सुजीत कुमार उर्फ मिंटू के रूप में हुई है। शव देख स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की। जांच में पता चला कि मिंटू दो भाई और दो बहनों में दूसरे नंबर पर था। उसके बड़े भाई पिंटू की मौत पांच साल पहले हो चुकी थी। मृतक की बहन चंदा देवी ने बताया कि मिंटू पिछले दो सालों से गंभीर बीमारियों से जूझ रहा था और जगतगंज स्थित अपने माँ से मिलने गया था। परिवार के मुताबिक, मिंटू जब अपने मालिक से मिलने गया।तो सुबह मालिक ने ही परिवार को उसकी मृत्यु की खबर दी। सूचना मिलते ही मृतक की भाभी और बहन दुगाकुंड चौकी पहुंचीं। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल, मामले की जांच जारी है।

जिलाधिकारी ने किया सीएचसी का औचक निरीक्षण

धर्मेंद्र कुमार शर्मा

बदलापुर,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बदलापुर पर चिकित्सक द्वारा बाहर की दवा लिखने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने शनिवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने डॉक्टर कक्ष, पैथोलॉजी, एक्स-रे रूम सहित विभिन्न विभागों का जायजा लिया। जिसके दौरान एक्स-रे विभाग में केवल एक मरीज का एक्स-रे किया गया था। जब जिलाधिकारी ने इस संबंध में सीएचसी अधीक्षक डॉ. संजय दुबे से जानकारी ली, तो बताया गया कि सुबह मशीन खराब हो गई थी।जिसे

ठीक करवा लिया गया है। इस पर भी जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के निर्देश दिए। और अस्पताल प्रशासन को मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के कड़े निर्देश दिए।जबकि वहां पर मौजूद मरीजों से बाहर से दवा लिखे जाने पर इनकार किया गया।जिसकी जानकारी ली परिसर में साफ सफाई पर प्रसन्नता जताई।

समाजसेवी डा.अमरनाथ पाण्डेय को सुहेलदेव विवि के कुलपति ने किया सम्मानित

महिलाओं की चिकित्सा क्षेत्र के लिये उत्कृष्ट कार्य पर मिला यह सम्मान

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। जनपद के वरिष्ठ समाजसेवी डा.अमरनाथ पाण्डेय (पर्यावरण समर्थक गौ सेवा) को महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय आजमगढ़ के कुलपति प्रो. संजीव कुमार ने सम्मानित किया जिसकी जानकारी होने पर परिजनों, परिचितों सहित जनपदवासियों में खुशी की लहर दौड़ गयी। लोगों ने डा. पाण्डेय को बधाई देते हुये आजमगढ़ विश्वविद्यालय परिवार के प्रति आभार जताया। बता दें कि डा. पाण्डेय को उपरोक्त विश्वविद्यालय में अन्तरराष्ट्रीय महिला कॉन्फ्रेंस पर आयोजित तीन दिवसीय सेमिनार में यह सम्मान मिला जहां डा. एसएन सिंह एवं प्रमोद शुक्ला को भी सम्मानित किया गया। उपरोक्त सम्मानितों को यह सम्मान महिलाओं के चिकित्सा क्षेत्र के लिये उत्कृष्ट कार्य के लिये दिया गया।

बता दें कि महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय ने तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय महिला नेतृत्व, उद्यमिता और अग्रणी सम्मेलन का सफलतापूर्वक आयोजन किया। 'वैश्विक क्षेत्र से प्रभावशाली आवाजें' थीम पर आधारित इस सम्मेलन में महिलाओं की वैश्विक नेतृत्व, नवाचार और सामाजिक परिवर्तन में भूमिका को रेखांकित किया गया। इसमें विद्वानों, नीति निमार्ताओं और समाजसेवियों ने लैंगिक समानता, उद्यमिता और समावेशी विकास पर गहन चर्चा किया।सम्मानित किये गये लोगों में राकेश पाण्डेय (समाजसेवी गौ सेवा), वीरू राजभर (सामुदायिक नेता), सारिका श्रीवास्तव (शैक्षणिक नवप्रवर्तक), एस.एन. सिंह (मैक्स) (शैक्षणिक दूरदर्शी), प्रमोद शुक्ला (नीति रणनीतिकार), स्वर्ण सुमन (स्वास्थ्य सेवा अग्रणी) एवं डॉ. अमरनाथ पाण्डेय (पर्यावरण समर्थक गौ सेवा) हैं।

आयोजन समिति ने कार्यक्रम की सफलता में योगदान के लिए गणित विभाग के सदस्यों का आभार व्यक्त किया। विशेष रूप से डॉ. वोट चूड़ा, डीएम दुबे, डॉ. धीरज यादव और डॉ. आरिफ मिडीसी को उनके अमूल्य समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। वहीं कुलपति प्रो. आर.के. मिश्रा ने कहा कि ₹यह सम्मेलन वैश्विक मंच पर महिलाओं की आवाज को मजबूत करने की हमारी प्रतिबद्धता को दोहराता है। पथप्रदर्शकों का सम्मान और अंतर्विषयक सहयोग से हम एक समान भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं।

एक दिन की बीएसए बनीं दीपिका विश्वकर्मा

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में दीपिका विश्वकर्मा कक्षा-5,

कम्पोजिट विद्यालय तारा(उमरी) मुफ्तीगंज को एक दिन के लिये जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बनाया गया। यह दिवस विशेष कर महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा व प्रेम प्रकट करते हुए, महिलाओं के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों एवं कठिनाइयों की सापेक्षता के उपलक्ष्य में उत्सव के रूप में मनाया जाता है।बीएसए डॉ.गोरखनाथ पटेल ने छात्रा को एक दिन के लिए बीएसए बनने पर शुभकामनाएं दी। कंपोजिट विद्यालय तारा उमरी की छात्रा दीपिका विश्वकर्मा ने बेसिक शिक्षा अधिकारी बनकर विभागीय कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दिया। दीपिका विश्वकर्मा ने कार्यों की समीक्षा की और जानकारी प्राप्त की। दीपिका ने अपने प्रभावी प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। जिलाधिकारी डॉ० दिनेश चंद्र ने छात्रा की प्रतिभा से मंत्र मुग्ध होकर छात्रा के लिए रू0 11000 धनराशि फिक्स डिपॉजिट करने की बात कही जिसका प्रयोग वह 18 वर्ष पूर्ण होने पर कर सकेगी।बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ० गोरखनाथ पटेल ने दीपिका को इनाम स्वरूप रू० 5100 रुपए की धनराशि प्रदान की। दीपिका विश्वकर्मा ने सभी को महिला दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा कि वह भविष्य में पढ़ लिख कर अपने माता पिता का नाम रौशन करना चाहती हैं। उसने कहा कि आज बेसिक शिक्षा अधिकारी की कुर्सी पर बैठकर मुझे बहुत ही गर्व महसूस हो रहा है। मैं सभी बहनों से अपेक्षा करती हूं कि वह भी पढ़ लिखकर अच्छे पदों पर आसीन होकर समाज, देश व महिलाओं और बच्चों की सेवा करें, जिससे हमारा देश आत्मनिर्भर बन सकें।

दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के मुकदमे में वांछित आरोपी गिरफ्तार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे। विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक(ग्रामीण) के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी बदलापुर जौनपुर के पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष यजुवेन्द्र कुमार सिंह थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 मनोज कुमार यादव मय हमराह का0 गया प्रसाद द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 --361/2024 धारा 137(2)/64 बीएनएस व श पाक्सो एक्ट में वांछित आरोपी शिवम पुत्र जियालाल ग्राम डोमपुर थाना सुजानगंज जौनपुर उम्र करीब 20 वर्ष को दिनांक 08.03.2025 को समय करीब 09.00 बजे सुबह बेलवार तिराहे से गिरफ्तार किया गया।

लापता वृद्ध का नहीं लगा सुराख, परिजन परेशान

मछलीशहर, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। नगर के काजियाना मोहल्ले से दो दिनों से एक वृद्ध व्यक्ति लापता है। परिजनों ने नात रिस्तेदारो के यहां तलाशी की लेकिन कही पता नहीं चल पाया। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगर के काजियाना मोहल्ला निवासी विकास विश्वकर्मा ने बताया कि मेरे पिता जंगीलाल विश्वकर्मा 60 वर्ष 7 मार्च की सुबह नौ बजे घर से निकले थे। उसके बाद वापस नहीं लौटे। उनका मोबाइल भी बंद है उन्होंने अपने पिता की नात रिस्तेदारो के यहां काफी तलाश की। लेकिन कही कोई सुराग नहीं लगा। थके हारे परिजनों पुलिस से शिकायत किया। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। वहीं परिजन किसी अनहोनी से भयभीत हैं।

नाबालिग से छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों तथा वाँछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण एवं दिशा निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार सिंह,थाना लाइन बाजार जौनपुर के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 अनिल कुमार यादव मय हमराह पुलिस बल के द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 110/25 धारा- 74 बी0एन0एस0 व 7/8 पाक्सो एक्ट से सम्बंधित आरोपी विपिन कन्नौजिया पुत्र ओधे उर्फ अवधेश कन्नौजिया निवासी ग्राम हरबसपुर थाना लाइन बाजार जनपद जौनपुर को आज दिनांक 08.03.25 को समय- 11.30 बजे फूलपुर बाजार, अम्बेडकर प्रतिमा के पास से गिरफ्तार कर अग्रेतर विधिक कायार्वाही की जा रही है।

पेपर लीक के मामले में 26 अधिकारी और कर्मचारी गिरफ्तार, बड़े पैमाने पर हुआ स्थानानंतरण

चंदौली(उत्तरशक्ति)। पिछले दिनों लोको पायलट से चीफ लोको इंस्पेक्टर पद पर प्रमोशन के लिए विभागीय परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक हुआ और इस मामले में सीबीआई ने 26 अधिकारी और कर्मचारी को गिरफ्तार की थी।

सीबीआई अभी इस मामले में जांच कर रही है। इस बीच हाजीपुर से बड़े पैमाने पर स्थानांतरण की सूची आई है। स्थानांतरण सूची के अनुसार कार्मिक विभाग में मौजूदा डीपीओ डीडीयू जैश कुमार को डीपीओ के तौर पर ही कार्मिक विभाग डीडीयू का स्वतंत्र प्रभार दिया गया है। वहीं एपीओ डीडीयू मनोज पासवान का एपीओ के तौर पर समस्तीपुर मंडल ट्रांसफर हुआ है। परिचालन विभाग में सीनियर डीओएम मोहम्मद इकबाल को सीनियर डीसीएम धनबाद, सीनियर डीसीएम सुधांशु रंजन को सीनियर डीओएम दानापुर के रूप में स्थानांतरण किया गया है। इसी तरह मंडल के सीनियर डीएसटीई आर के कुशवाहा का स्थानांतरण डिप्टी सीएसटीई/ टेली के रूप में पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय, डिप्टी सीएसटीई/ वर्क्स बीके यादव का डिप्टी सीएसटीई/ निर्माण/ महेंद्र, एएसटीई/वर्क्स अनिल कुमार रजक का स्थानांतरण एएसटीई/ बक्सर के रूप में हुआ है। वहीं डीएसटीई/डेहरी अविनाश यादव का एसएसटीई/निर्माण/ महेंद्र के रूप में, डीएसटीई मनोज सिंह का डीएसटीई दानापुर, एएसटीई/वर्क्स जगदीश सिंह का एएसटीई/प्लानिंग/हाजीपुर, एएसटीई/वर्क्स हिमांशु कुमार का एएसटीई/ समस्तीपुर स्थानांतरण किया गया है। विद्युत इंजीनियरी विभाग में सीनियर डीईई/ कर्षण वितरण इंदु प्रकाश का डिप्टी सीईई / कर्षण वितरण/ हाजीपुर भेजा गया है। वहीं प्रधानाचार्य विद्युत कर्षण प्रशिक्षण केंद्र दीपक कुमार का को डीईई/ टीआरएस / लोको शेड/ समस्तीपुर, सीनियर डीएमएम मनु रतन का सीनियर डीएमएम सोनपुर स्थानांतरण किया गया है।

जौनपुर महोत्सव को लेकर बैठक संपन्न

जौनपुर। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण गिरीश चंद्र यादव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जौनपुर महोत्सव के आयोजन के संबंध में बैठक संपन्न हुई। जौनपुर महोत्सव 10 मार्च से 12 मार्च 2025 तक शाही किला में आयोजित होना है। बैठक में मंत्री द्वारा महोत्सव से संबंधित तैयारी को लेकर समीक्षा की गई। जिसमें विभागों से संबंधित स्टाल, सुरक्षा व्यवस्था, सड़क मरम्मत, साफ सफाई, मंच निर्माण, बैरिकेडिंग, सामूहिक विवाह के आयोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों हेतु कलाकारों के चयन आदि की समीक्षा करते हुए मंत्री ने निर्देशित किया कि जो भी कार्य शेष हैं उन्हें जल्द से जल्द पूर्ण कर लिया जाएं। मंत्री के द्वारा निर्देशित किया गया कि जौनपुर महोत्सव में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों के परिजनों और जनपद की प्रतिभाओं का सम्मान किया जाए। उन्होंने यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द्र के द्वारा मंत्री को आश्वस्त कराया गया कि सभी विभागों के समन्वय से जौनपुर महोत्सव से संबंधित तैयारी को ससमय पूर्ण कराते हुए भव्य तरीके से आयोजित कराया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर, एसपी सिटी, नगर मजिस्ट्रेट इंद्रनंदन सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ० लक्ष्मी सिंह, अपर जिलाधिकारी भू-राजस्व अजय अम्बष्ठ, परियोजना निदेशक के0के0 पाण्डेय, बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ० गोरखनाथ पटेल, सहित अन्य उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 43583 मामलें हुए निस्तारित

जौनपुर। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय/ सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रशांत कुमार सिंह ने अवगत कराया है कि उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार व माननीय जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा की अध्यक्षता एवं निर्देशन एवं रणजीत कुमार, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत एवं प्रशांत कुमार सिंह, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर की देखरेख में जनपद न्यायालय परिसर जौनपुर में 08 मार्च 2015 को राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश जौनपुर द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर लोक अदालत का शुभारम्भ किया गया तथा उनके द्वारा अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण हेतु सर्व सम्बन्धित को प्रोत्साहित किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न न्यायालयों में लम्बित 4943 एवं राजस्व न्यायालयों तथा प्रशासन के अन्य विभागों में प्रीलिटिगेशन वाद कुल 38640 अर्थात कुल 43583 मामलें निस्तारित हुए तथा समझौता राशि कुल रू0 223774468 रुपये की गई। पारिवारिक न्यायालयो द्वारा 191 मुकदमों को निस्तारित किया गया जिसमें पीड़िता को मु0 22130000 रुपए की समझौता राशि प्रदान करायी गयी। इस अवसर पर पीठासीन अधिकारी एम0ए0सी0टी0 द्वारा क्षतिपूर्ति के 75 मुकदमें लगाये गये जिनमें से 59 मामलों का निस्तारण करते हुए कुल रू0 45375000 रुपये की धनराशि क्षतिपूर्ति याचीगण को दिलायी गयी। न्यायालय अपर जिला जज चतुर्थ जौनपुर द्वारा विद्युत वसूली के 420 वादें का निस्तारण करते हुए में समझौता कराया गया। विभिन्न न्यायालयों द्वारा 2808 शमनीय फौजदारी वादों को निस्तारित किया गया जिनमें रू0 356410 का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया। एन0 आई0 एक्ट के 426 मामलों का निस्तारण कराते हुए 390000 समझौता राशि दिलाया गया तथा अन्य प्रकार के 967 मामलों का निस्तारण किया गया जिसमें समझौता राशि रू0 894598 दिलाया गया। सिविल न्यायालयों द्वारा कुल 77 मामलों का निस्तारण किया गया जिसमें उत्तराधिकार के मामलों में मु0 11193340 रुपए का प्रमाण पत्र निर्गत किया गया। प्री-लिटिगेशन स्तर पर वैवाहिक विवाद के 04 मामलों का निस्तारण किया गया तथा राजस्व न्यायालयों फौजदारी के 1594 वादों, राजस्व के 563 वाद एवं अन्य प्रकार के 35363 व नगर पालिका द्वारा जलकर से सम्बन्धित 44 वादों, विद्युत बिल से सम्बन्धित 3 मामलों का निस्तारण किया गया। बैंक/फाइनेंस कम्पनी एवं बी0एस0एन0एल0 आदि के रिकवरी से सम्बन्धित 1069 प्री-लिटिगेशन वाद निस्तारित किये गये तथा जिसमें मु0 143435120 रुपये का समझौता किया गया। इस प्रकार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 43583 मामलों का निस्तारण किया गया जिसमें कुल रू0 223774468 रुपये की धनराशि पर समझौता किया गया। इस अवसर पर श्रीमती रीता कौशिक, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, समस्त अपर जनपद न्यायाधीशगण तथा समस्त सिविल व फौजदारी न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे।

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित

शाहगंज, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। फरीदुल हक मेमोरियल पी जी कालेज तालिमाबाद सबरहद शाहगंज जौनपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में राष्ट्रीय महिला दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इस अवसर पर उपस्थित छात्र/छात्राओं ने अपने विचार व्यक्त किए। कु.मोना ने कहा कि शिक्षा के प्रसार से महिलाओं की स्थिति बेहतर हुई है। कुछ साक्षी चौहान ने कहा कि अगर समाज में परिवर्तन करना है तो महिलाओं को शिक्षित होना अति आवश्यक है। अंजलि राजभर नेहा आदि ने भी अपने विचार रखें इस अवसर पर डॉ संजय कुमार यादव ने कहा कि लैंगिक असमानता समाज के लिए ठीक नहीं है इसके लिए समाज में अच्छे विचारों को समाहित कर इस विभेद को खत्म करना आवश्यक है श्रीमती अनीता कनौजिया ने कहा कि सामाजिक बंधनों को मर्यादित ढंग से निभाने के साथ-साथ आज हम महिलाओं को सभी कर्तव्यों का बोध करना आवश्यक है तभी एक बेहतर और स्वस्थ समाज का निर्माण हो सकता है कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनामिका पांडेय डॉ शिव प्रसाद यादव ओम प्रकाश चौरसिया ने भी इस विषय पर अपने विचार रखे। साथ ही महाविद्यालय के शिक्षक डॉ पूजा रानी, गीता यादव सहित महाविद्यालय के समस्त शिक्षक उपस्थित रहें। अन्त में ओमप्रकाश चौरसिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

अपनी उपस्थिति को और मजबूत करना: उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने बिहार में तीन नए बैंकिंग आउटलेट खोले

बिहार। उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने हथौड़ी (मुजफ्फरपुर), महेश खुंट (खगड़िया) और बोधगया (गया), बिहार में अपने नए बैंकिंग आउटलेट के उद्घाटन की घोषणा की। इन लॉन्च के साथ, बैंक के अब बिहार में 264 और देश भर में 1076 बैंकिंग आउटलेट हैं। हथौड़ी, महेश खुंट और बोधगया के निवासियों को बचत खाते, चालू खाते, सावधि जमा और आवर्ती जमा सहित बैंकिंग उत्पादों के व्यापक सूट से लाभ होगा। बैंक विभिन्न ऋण उत्पाद भी प्रदान करता है, जैसे आवास ऋण, व्यवसाय ऋण, संपत्ति के खिलाफ ऋण, ऋण, बीमा और निवेश उत्पाद। बैंक का बुनियादी ढांचा, डिजिटल बैंकिंग क्षमताएं और एटीएम नेटवर्क एक सहज बैंकिंग अनुभव सुनिश्चित करते हैं। विस्तार पर टिप्पणी करते हुए, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ श्री गोविंद सिंह ने कहा, ह्लहथौड़ी, महेश खुंट और बोधगया में हमारे नए बैंकिंग आउटलेट का उद्घाटन बिहार में वित्तीय समावेशन के लिए हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है, जो गहरी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक जड़ों वाला राज्य है। बोधगया, एक विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित तीर्थ स्थल है, जो गौतम बुद्ध के ज्ञान प्राप्ति के स्थान के रूप में अत्यधिक आध्यात्मिक और ऐतिहासिक महत्व रखता है। इन क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति का विस्तार करके, हमारा लक्ष्य परंपरा को आधुनिक बैंकिंग के साथ एकीकृत करना है, जिससे बिहार की प्रगति को आगे बढ़ाने वाले समुदायों के लिए वित्तीय पहुँच और आर्थिक सशक्तिकरण सुनिश्चित हो सके। ये बैंकिंग आउटलेट वंचित या कम आय वाले व्यक्तियों या समूहों को व्यवसाय विकास सेवाओं के लिए माइक्रो-बैंकिंग ऋण प्रदान करेंगे, जिनकी वित्तीय सेवाओं तक सीमित पहुँच है। समूह ऋण के खछ्रक्ष मॉडल में एक सहकर्मी-गारंटी ऋण मॉडल शामिल है, जो व्यक्तियों को व्यक्तिगत आधार पर संपार्श्विक या सुरक्षा प्रदान किए बिना ऋण लेने में सक्षम बनाता है, जबकि समूह के भीतर आपसी समर्थन के माध्यम से ऋण अनुशासन को बढ़ावा देता है और उनके ऋणों का शीघ्र पुनर्भुगतान करता है। ग्राहक बैंकिंग आउटलेट, माइक्रो एटीएम (बैंकिंग घंटों के दौरान), इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस और कॉल सेंटर जैसे विभिन्न चैनलों के माध्यम से बैंकिंग सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, बैंक ग्राहकों को टैबलेट-आधारित एप्लिकेशन-सहायता प्राप्त मॉडल, डिजी ऑन-बोर्डिंग के माध्यम से बैंकिंग आउटलेट पर जाए बिना बैंक खाता खोलने की सुविधा प्रदान करता है।

पीएम मोदी की दूरदर्शिता से युद्ध भी भारत के लिए बन गया अवसर: भवानजी



मुंबई (उत्तरशक्ति)। वरिष्ठ भाजपा नेता और मुंबई के पूर्व उप मेयर बाबूभाई भवानजी ने कहा है कि पीएम नरेंद्र मोदी की मजबूत लीडरशिप में भारत विश्व राजनीति में एक दमदार खिलाड़ी बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि रूस यूक्रेन युद्ध में जहां विश्व के प्रमुख देश तरह तरह से नुकसान झेल रहे हैं वहीं भारत ने रूस से बड़े पैमाने पर कच्चा तेल खरीदकर भारतीय अर्थ व्यवस्था को मजबूत बनाने का काम किया है। मोदी जी ने युद्ध को भी अवसर के रूप बदल दिया है। उन्होंने आज एक बयान में कहा कि एक समय ऐसा था जब दुनिया के मजबूत देश चीन और पाकिस्तान से से युद्ध का डर दिखाकर भारत को अपना हथियार बेचते थे वहीं मोदी जी की दूरदर्शिता से अब स्थिति बदल गई है। अब यूरोप के बड़े बड़े देश युद्ध में लगे हैं और भारत सस्ता तेल खरीदकर अपनी अर्थ व्यवस्था को मजबूत कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस कदम के जरिए भारत ने अपनी स्वतंत्र और मजबूत विदेश नीति का भी परिचय दिया है। उधर सीआरईए के अनुसार, भारत ने युद्ध की शुरूआत से 2 मार्च, 2025 तक रूस से 205.84 अरब यूरो मूल्य के जीवाश्म ईंधन खरीदे हैं। इसमें कच्चे तेल की खरीद के लिए 112.5 अरब यूरो शामिल हैं। इस तेल को भारतीय रिफाइनरियां पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन में बदलती हैं। भारत ने यूक्रेन युद्ध की शुरूआत के बाद से रूस से 112.5 अरब यूरो का कच्चा तेल खरीदा है। सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरईए) ने एक रिपोर्ट में कहा, युद्ध की शुरूआत से लेकर अब तक रूस ने जीवाश्म ईंधन निर्यात से 835 अरब यूरो का राजस्व अर्जित किया है। सीआरईए के अनुसार, भारत ने युद्ध की शुरूआत से 2 मार्च, 2025 तक रूस से 205.84 अरब यूरो मूल्य के जीवाश्म ईंधन खरीदे हैं। इसमें कच्चे तेल की खरीद के लिए 112.5 अरब यूरो शामिल हैं। इस तेल को भारतीय रिफाइनरियां पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन में बदलती हैं। कोयले के लिए 13.25 अरब यूरो खर्च किया गया है।

भारत कच्चे तेल की जरूरतों को पूरा करने के लिए 85 प्रतिशत से अधिक आयात पर निर्भर है। इसने 2022-23 में कच्चे तेल के आयात पर 232.7 अरब डॉलर और 2023-24 में 234.3 अरब डॉलर खर्च किए। चालू वित्त वर्ष के पहले 10 महीनों में 195.2 अरब डॉलर खर्च किए। हालांकि, रूस अब भी भारत का शीर्ष तेल स्रोत बना हुआ है। भारत ने फरवरी में रूस से 14.8 लाख बैरल प्रति दिन कच्चा तेल आयात किया, जो जनवरी में 16.7 लाख बैरल प्रति दिन था। युद्ध से पहले भारत परंपरागत रूप से मध्य पूर्व से तेल खरीद रहा था। फरवरी, 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण के तुरंत बाद रूस से भारत ने ज्यादा तेल खरीदना शुरू कर दिया था। इसका मुख्य कारण यह था कि पश्चिमी प्रतिबंधों और कुछ यूरोपीय देशों द्वारा खरीद से परहेज करने के कारण रूसी तेल काफी कम कीमत पर उपलब्ध था। भारत को रूसी तेल पर मूल्य छूट एक बार तो 18-20 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गई थी। हालांकि, हाल के दिनों में छूट घटकर 3 डॉलर प्रति बैरल से भी कम हो गई है।

महिला दिवस रैली और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

धमार्पुर ब्लॉक और कृष्णा नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कॉलेज में महिलाओं के सम्मान में एक अनमोल कदम

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। आज धमार्पुर ब्लॉक और कृष्णा नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कॉलेज में महिला दिवस के अवसर पर एक भावनात्मक और प्रेरणादायक रैली और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जो महिलाओं के अदम्य साहस और संघर्ष की प्रतीक बन गई। इस आयोजन की प्रमुख आयोजक डॉ. मधु शारदा ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक नया कदम उठाया। रैली में सैकड़ों महिलाओं ने हाथों में तख्तियां और नारों के साथ कदम से कदम मिलाकर यह संदेश दिया कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं। इस रैली में शामिल महिलाएं अपनी तकलीफों और संघर्षों को पीछे छोड़कर एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद कर रही थीं। ₹हमारी आवाज, हमारा अधिकार₹, ₹महिला शक्ति, समाज की शक्ति₹ जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा। यह रैली केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि एक संघर्ष की गाथा थी, जिसमें हर महिला ने अपनी पहचान को मजबूती से स्वीकार किया। इसके बाद, कृष्णा नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कॉलेज में एक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जहां महिलाओं को उनकी स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान के लिए विशेष ध्यान दिया गया। डॉ. मधु शारदा ने महिलाओं से आह्वान किया कि वे अपने स्वास्थ्य की देखभाल करने में कोई कोताही न बरतें, क्योंकि एक स्वस्थ महिला ही अपने परिवार और समाज की शक्ति बन सकती है। कार्यक्रम के दौरान, कुछ महिलाओं की आंखों में भावनाओं का ज्वार था, क्योंकि उन्होंने अपने जीवन की कठिनाइयों को झेला है। लेकिन आज उन्हें यह एहसास हुआ कि वे अकेली नहीं हैं, और जब महिलाएं एकजुट होती हैं, तो कोई भी मुश्किल उन्हें हरा नहीं सकती। डॉ. मधु शारदा ने इस अवसर पर महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा, आपका सम्मान, आपका अधिकार है। आपको हर क्षेत्र में अपने कदमों से इतिहास रचने का हक है। उन्होंने कहा कि आज का दिन न केवल महिला दिवस है, बल्कि यह हर उस महिला की शक्ति को पहचानने का दिन है, जो समाज के हर हिस्से में अपनी कड़ी मेहनत और संघर्ष से परिवर्तन ला रही है। इस आयोजन के बाद, सभी महिलाओं में एक नई उम्मीद और आत्मविश्वास का संचार हुआ। उन्होंने यह संकल्प लिया कि वे अपनी आवाज को बुलंद करेंगी और समाज में बदलाव लाने के लिए हमेशा तैयार रहेंगी। यह दिन निश्चित ही महिलाओं के सम्मान और उनकी शक्ति को सलाम करने का दिन बन गया। आज के इस कार्यक्रम में डॉक्टर रुचि राय प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज डॉ. प्रीति श्रीवास्तव ,डॉ अंबर खान जी एच के हॉस्पिटल ,विशाखा सिंह ,सुमन सिंह,डॉ. मधु शारदा , प्रिंसिपल सभ्यता दुबे और नर्सिंग स्टाफ उपस्थित रहे।

सरकारी भूमि पर कब्जे के विरोध में ग्रामीणों का प्रदर्शन

आजमगढ़ (उत्तरशक्ति)। मुख्यमंत्री से शिकायत के बाद भी सरकारी भूमि से कब्जा न हटाए जाने के विरोध में शनिवार को बूढ़नपुर तहसील के खालिसपुर के ग्रामीणों ने गांव में प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने जांच करने पहुंची राजस्व टीम पर कब्जा हटाने की बजाय शिकायत कर्ता को ही धमकाने का आरोप लगाया। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने कहा कि गांव में 250 बीघा सरकारी भूमि पर अवैधरूप से कब्जा है। गांव के दीपचंद दुबे ने सरकारी भूमि से कब्जा हटाने के लिए 25 मई 2022 को मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत किया था। राजस्व टीम जब जांच करने गांव में पहुंची तो कब्जाधारियों की वजाय शिकायतकर्ता पर ही मुकदमा दर्ज कराने की धमकी देने लगी।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर गोष्ठी व सम्मान समारोह का आयोजन

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। ब्लास्मस स्कूल मानिक चौक में किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती उम्मे रहिला चेयरमैन नगर पंचायत जफराबाद द्वारा गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कहा गया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पूरी दुनिया के सभी देश चाहे वह विकसित हो या विकासशील में मिलकर महिला अधिकारों की बात करते हैं। इसी दिशा में उनके सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक अधिकारों के बारे में चर्चा की जाती है।विशिष्ट अतिथि श्रीमती कंचन पांडेय (चौकी प्रभारी शकरमण्डी) ने कहा की आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर संगोष्ठी व सम्मान का आयोजन कर-के भारतीय संस्कृति में महिला की गरिमामय स्थिति और सामाजिक विकास यात्रा में महिलाओं के योगदान की महत्वपूर्ण भूमिका से इंकार नही किया जा सकता है। जिसको रेखांखित करते हुए उन्होंने शिक्षा पर प्रकाश डाला। श्रीमती अर्चना सिंह (प्रिंसिपल- टी डी एम सी) ने कहा की कहा कि भारत मे नारियों को मौलिक अधिकार, मतदान का अधिकार और शिक्षा का अधिकार तो प्राप्त है लेकिन आज भी स्त्रियां अभावों में जिन्दगी बीता रही है। ब्लॉसम्स स्कूल के प्रबंधक श्री शम्स अब्बास ने अपने वक्तव्य में महिलाओ के पारिवारिक सम्बन्ध की चुनौतियों और उनके उत्तरदायित्वों पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला श्रीमती पोशकी साहू (सभासद भंडारी) ने भी महिलाओ की शिक्षा की आवश्यकता पर प्रकाश डाला समाज के विभिन्न क्षेत्र में करने वाली महिलाएं जिनमें मीनाज शेख, नीलम अस्थाना प्रिंसिपल, को प्रशष्टि पत्र फूल माला और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर सम्मानित होने

वाली विभूतियों ने कहा की हम खुद सुनिश्चत करें कि हम किसी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं है। वह सामाजिक, आर्थिक व राजनैतिक आदि सभी कार्य करने में सक्षम है। सशक्तिकरण का मतलब सिर्फ शक्ति का अधिग्रहण ही नही अपितु अपनी शक्ति प्रयोग की क्षमता का विकास करना है। भारतीय राजनीति में महिलाओ की भूमिका विषयक भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान माही और द्वितीय स्थान रिया सोनी और तृतीय स्थान जहीन ने प्राप्त किया सभी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। संचालन पूर्व अध्यक्ष मधुसूदन बैंकर व सचिव विनीत गुप्ता ने संयुक्त रूप से करते हुए सभी महिलाओ को महिला दिवस की बधाई दी और कार्यक्रम संयोजक श्रीमती आदर्श वर्मा ने सभी के प्रति आभार प्रकट करते हुए महिला दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए पूर्व अध्यक्ष हफीज शाह ने महिलाओं की दोहरी भूमिका का जिक्र करते हुए कर्तव्यनिष्ठा पर बल दिया। इस दौरान मुख्य रूप सह सचिव हर्ष माहेश्वरी, सलमान शेख, हाजी सैय्यद फरोग अहमद, डॉ मोहम्मद मुजम्मिल, शोएब कलाम, असगर मेंहदी, विनीत कुमार, विकास अग्रहरि, नागेंद्र यादव राज कालेज, असलम नकवी, जीशान सर वाईस प्रिंसिपल, अस्मा जहरा, मिस्बाह जहरा समेत विद्यालय की अध्यापक व अध्यापिका समस्त छात्र व छात्राएं उपस्थित रहे।

एचडीएफसी बैंक ने भारतीय वायु सेना और सीएससी अकादमी के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किया

पटना (उत्तरशक्ति)। एचडीएफसी बैंक ने भारतीय वायु सेना के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया जो सहायक वायु सेना प्रमुख - लेखा और वायु सेना के वेटरन्स और सीएससी अकादमी के कार्यालय के माध्यम से कार्य करता है। साथ ही प्रोजेक्ट एचएकेके (हवाई अनुभव कल्याण केंद्र) - शुरू किया गया। प्रोजेक्ट एचएकेके को रक्षा पेंशनभोगियों, दिग्गजों और उनके परिवारों को सहायता और सेवाएं प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। शुरूआत में, वायु सेना इकाइयों में 25 केंद्र प्रस्तावित किए गए हैं, जिनमें नई दिल्ली, बेंगलुरु, गुड़गांव, पुणे, सिकंदराबाद, गुवाहाटी, जोधपुर और चंडीगढ़ शामिल हैं। एचडीएफसी बैंक अपने परिवर्तन कार्यक्रम के तहत रक्षा सेवा के वेटरन्स और उनके परिजनों के लिए आर्थिक समावेशन का निर्माण करेगा। बैंक सीएससी अकादमी के साथ मिलकर वित्तीय उत्पादों और सेवाओं में कौशल विकास और प्रशिक्षण प्रदान करेगा, जिससे उन्हें वित्तीय रूप से स्वतंत्र होने में मदद मिलेगी। एमओयू पर सत्येन मोदी, कार्यकारी उपाध्यक्ष और बिजनेस हेड, वैकल्पिक बैंकिंग चैनल और भागीदारी - एचडीएफसी बैंक, एयर वाइस मार्शल उपदेश शर्मा वीएसएम - सहायक वायु सेना प्रमुख (लेखा और वायु सेना के दिग्गज) और प्रवीण चांदेकर, सीईओ-सीएससी अकादमी ने हस्ताक्षर किए। एमओयू पर हस्ताक्षर के दौरान उपस्थित सम्मानित गणमान्य व्यक्तियों में एयर मार्शल पीके घोष एवीएसएम - एयर ऑफिसर इन चार्ज एडमिनिस्ट्रेशन, स्मिता भगत, ग्रुप हेड - एचडीएफसी बैंक, संजय राकेश, चेयरमैन, सीएससी अकादमी और भारतीय वायु सेना, एचडीएफसी बैंक और सीएससी ई गवर्नेंस के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। रक्षा सैनिक / भूतपूर्व सैनिक और उनके परिवार आधार सेवा, एनपीएस, पैन कार्ड, पासपोर्ट, बिल संग्रह आदि सहित 500 से अधिक जी2सी और बी2सी सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। एचडीएफसी बैंक पेंशन/निपटान संबंधी मुद्दों के लिए पेंशनभोगियों/परिजनों की सहायता के लिए सेवा केंद्र स्थापित करेगा। इसके अलावा, उन्हें एचडीएफसी बैंक के उत्पादों और सेवाओं के साथ-साथ डिजिटल बैंकिंग उत्पादों तक भी पहुँच मिलेगी, जिससे उन्हें सुविधा और आसान पहुँच मिलेगी।

LIVA मिस दिवा 2024 ने की अपने विजेताओं की घोषणा

मुंबई (उत्तरशक्ति)। लिवा मिस दिवा 2024 ग्रैंड फिनाले फैशन, ग्लैमर, प्रतिभा और सशक्तिकरण की एक अविस्मरणीय रात थी, जिसमें सौंदर्य, फैशन डिजाइन और सामग्री निर्माण में भारत के सबसे होनहार सितारों को शामिल किया गया। बिरला सेल्यूलोज के घराने से 100% प्राकृतिक मूल के कपड़े का ब्रांड लिवा, जो अपनी बेजोड़ तरलता, कोमलता और सांस लेने की क्षमता के लिए प्रसिद्ध है, लगातार पांचवें साल मिस दिवा के साथ टाइटल प्रायोजक के रूप में गर्व से जुड़ गया। यह सहयोग सहज रहा है, क्योंकि दोनों ब्रांड स्वतंत्र महिलाओं का समर्थन करते हैं जो अप्रतिबंधित, सहज और बहुमुखी हैं। इस शो में आयुषी मलिक को छक्क्रअ मिस दिवा सुपरनैशनल 2024 और विप्रा मेहता को छक्क्रअ मिस दिवा कॉस्मो 2024 का ताज पहनाया गया। ये असाधारण महिलाएं क्रमशः मिस सुपरनैशनल 2025 और मिस कॉस्मो 2025 में वैश्विक मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी और अंतर्राष्ट्रीय सौंदर्य प्रतियोगिता में देश की शानदार विरासत को आगे बढ़ाएंगी। इस शाम ने एक ऐतिहासिक मील का पत्थर भी स्थापित किया, जिसमें दो बिलकुल नई श्रेणियों में पहली बार विजेताओं का अनावरण किया गया। ओडिशा की सुश्रुति पढियारी को छक्क्रअ मिस दिवा फैशन डिजाइनर 2024 घोषित किया गया, जबकि बिहार की अनन्या प्रवीण ने छक्क्रअ मिस दिवा कंटेंट क्रिएटर 2024 का खिताब जीता। उनकी जीत छक्क्रअ मिस दिवा के विकास को रेखांकित करती है, जो न केवल रनवे उत्कृष्टता का जश्न मनाती है, बल्कि लगातार बढ़ते फैशन उद्योग में रचनात्मकता, शिल्प कौशल और डिजिटल प्रभाव का भी जश्न मनाती है।

जौनपुर में नकाबपोश अज्ञात बदमाशों ने शिक्षक पर किया जानलेवा हमला

-रियाजुल हक

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। बक्सा थाना क्षेत्र के कुल्हना मऊ में स्थित सनबीम स्कूल के शिक्षक जैसे ही अपनी ड्यूटी पूरी कर अपने एक साथी के साथ मोटरसाइकिल से कॉलेज के बाहर निकले कुछ ही दूर पर मोटरसाइकिल सवार नकाबपोश बदमाश बेसबॉल बैट से सर पर कई वार किया जिससे उन्हें गंभीर चोटे आई और एक प्राइवेट अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया। जहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। मोहम्मद परवेज उम्र लगभग 37 वर्ष ड्यूटी समाप्त कर अपने एक साथी के साथ मोटरसाइकिल से घर के लिए आ रहे थे स्कूल से कुछ ही दूरी पर पहुंचे थे कि एक बाइक पर सवार दो अज्ञात नकाबपोश बदमाशो ने बेसबॉल बैट से सर पर कई बार वार किया जिससे अचेत होकर वहीं गिर पड़े उनके साथी बाइक चला रहे थे हेलमेट लगे होने की वजह से उन्हें कम चोट आई। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई और पुलिस मामले की छानबीन कर आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

श्री राम सेवा संस्थान ट्रस्ट द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन

पालघर। कुछ दिनों बाद होली की धूम मचने वाली है। लोग होली को लेकर कई दिनों पहले से तैयारियां शुरू कर देते हैं। इसी को देखते हुए हर वर्ष की भांति इस साल भी श्री राम सेवा संस्थान भी होली जोर शोर से मना रही है। नालासोपारा पूर्व कैपिटल माल के नजदीक राजनगर सर्कल के पास डॉ आंबेडकर हाल में श्री राम सेवा संस्थान द्वारा 9 मार्च रविवार को दोपहर 3 बजे से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। इस होली मिलन समारोह के आयोजक श्री राम सेवा संस्थान ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी अतुल तिवारी ने लोगों से अपील किए है कि इस होली मिलन समारोह में अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर फगुआ गीत और पुष्पों की होली का आनंद उठाए। इस मौके पर श्री राम सेवा संस्थान ट्रस्ट के डॉ अश्वनी पांडेय, बृजेश ओझा, अशोक ओझा, सुधीर मिश्र, संदीप शुक्ल विशेष रूप से आए हुए अतिथियों के सेवाभाव सम्मान में लगे रहेंगे। इसकी जानकारी श्री राम सेवा संस्थान ट्रस्ट के ट्रस्टी अतुल तिवारी ने दी है।

ऋषिकेश पाण्डेय ने सेंट जॉन इंजीनियरिंग कॉलेज में राष्ट्रीय मेगाहैकथॉन में जज की भूमिका निभाई

पालघर (उत्तरशक्ति)। सेंट जॉन इंजीनियरिंग कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट में आयोजित राष्ट्रीय मेगाहैकथॉन में प्रसिद्ध तकनीकी विशेषज्ञ और उद्यमी ऋषिकेश पाण्डेय ने जज के रूप में अपनी भूमिका निभाई। इस मेगाहैकथॉन में देशभर के प्रतिभाशाली छात्रों ने भाग लिया और अपनी नवोन्मेषी परियोजनाओं के माध्यम से तकनीकी चुनौतियों का समाधान प्रस्तुत किया। ऋषिकेश पाण्डेय ने प्रतियोगियों के विचारों और नवाचारों की सराहना की और उन्हें अपने अनुभव साझा करते हुए मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा, ₹यह देखकर बहुत खुशी हुई कि युवा प्रतिभाएं तकनीकी क्षेत्र में इतनी रुचि ले रही हैं और नए विचारों के साथ आगे आ रही हैं। इस आयोजन ने छात्रों को अपनी क्षमताओं को प्रदर्शित करने और उद्योग के विशेषज्ञों से सीखने का एक अनूठा अवसर प्रदान किया। सेंट जॉन इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रबंधन ने इस सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिभागियों और जजों का धन्यवाद किया और भविष्य में ऐसे और कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई है।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मुलुंड में वाकेथान का आयोजन

मुंबई। आर. आर. एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मुलुंड में वाकेथान (हर कदम-हमारी शक्ति) का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ट्रस्टी डॉ. राजेन्द्र प्रसाद सिंह जी के मार्गदर्शन में विविध क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य कर रही महिलाओ का सम्मान किया गया। विशेष रूप से पूजा धाकतोडे (पुलिस निरीक्षक मुलुंड), डॉ. काजल जैन(बाल रोग तज्ञ,मनपा हास्पिटल मुलुंड),सोनम केवट (योग में विश्व रिकॉर्ड), डा. हर्षला झाल्टे, समाज सेविका अमिशा सेजपाल, एकता परमार, नीता जोशी, बबिता गुप्ता, जयबाला सिंह, हेमांशी, दर्शना अष्टेकर,का सम्मान तुलसी पौधा एवम स्मृति चिन्ह देकर मैनेजमेंट के प्रतिनिधियों राजीव सिंह, अमित सिंह एवम पियूष सिंह द्वारा किया गया। संचालन डॉ. फाल्गुनी अमिश शाह (प्रिन्सिपल बी एड कालेज)द्वारा किया गया। शशिकला पटेल, चित्रा खेडेकर, अदिति तारे, रंजीत सर, नाजुका, नमिता, नेहा, नीकिता मैडम ने कार्यक्रम के आयोजन में सहयोग किया। इस अवसर पर विद्यालय एवं कालेज के विद्यार्थियों ने मुलुंड स्टेशन से महाकवि कालीदास हाल तक रैली निकाली। जिसमें सभी शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया।

महेंद्र पाटील भाजपा जिला अध्यक्ष ने लिखा आयुक्त को पत्र

वसई। वसई विरार जिला अध्यक्ष महेंद्र पाटील ने वसई विरार नगर निगम का बजट 7 मार्च को पेश किया गया था. इस बजट में घरपट्टी और घरपट्टी में बढ़ोतरी की गई है, इस बढ़ोतरी को लेकर भाजपा वसई विरार जिले ने नाराजगी व्यक्त करते हुए आयुक्त अनिल कुमार पवार से बढ़ी हुई घरपट्टी और घरपट्टी को रद्द करने की मांग की है, अन्यथा भाजपा ने आंदोलन करने की चेतावनी दी है.

मंत्री के हाथों सम्मानित हुई होनहार मातृ शक्तियां

मोदी-योगी सरकार मातृशक्ति के उत्थान एवं उनके स्वावलंबन के लिए कृत संकल्पित : रवीन्द्र जायसवाल

-सुरेश गांधी

वाराणसी। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर शनिवार को कमिश्नरी ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 400 मातृ शक्तियों को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उत्तर प्रदेश के स्टांप एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल एवं आयुष एवं खाद्य सुरक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु ने उन्हें मेडल व प्रशस्ती प्रत्र देंकर किया। इस मौके पर मातृशक्ति को नमन करते हुए रवीन्द्र जायसवाल ने कहा कि वेद पुराण से लगायत वर्तमान परिवेश में भी मातृशक्ति वंदनीय है। सीता-राम, लक्ष्मी-नारायण, राधा-कृष्ण आदि के रूप में मातृशक्ति का नाम पुरुषों से पहले लिया जाता है। वर्तमान केंद्र एवं राज्य सरकार मातृशक्ति के उत्थान एवं उनके स्वावलंबन के लिए कृत संकल्पित होते हुए तमाम विशेष योजनाएं संचालित कर रही हैं। जिससे मातृशक्ति आत्मनिर्भर बन सके। मंत्री ने मातृ शक्तियों के लिए केन्द्र सरकार की योजनाओ की चर्चा करते हुए कहा कि महिला आरक्षण विधेयक नारी शक्ति वंदन अधिनियम अथवा महिला आरक्षण विधेयक भारतीय संसद में प्रस्तुत किया गया। यह वह विधेयक है जिसके पारित होने से संसद में महिलाओं की भागीदारी 33 फीसदी सुनिश्चित हो जाएगी। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना से बेटियों की संख्या बढ़ी हैं। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं को आर्थिक लाभ हेतु प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही, यह एक मातृत्व लाभ कार्यक्रम है। महिला शक्ति केंद्र से महिलाएं सशक्त हुई। सुकन्या समृद्धि योजना से बालिकाओं का भविष्य सुरक्षित हो रहा हैं। इस योजना के तहत, 10 वर्ष से कम उम्र की बालिकाओं के नाम पर बैंक खाते खोले जा सकते हैं। उज्ज्वला योजना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इस योजना ने धुंए से विशेषकर मातृशक्ति को मुक्ति दिलाई है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का दायरा बढ़ कर 10 करोड़ परिवारों तक हो गया है। उन्होंने कहा कि तीन तलाक पर प्रतिबंध से मुस्लिम महिलाएं सशक्त हुई है। महिलाओं को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने के मकसद से मोदी सरकार ने महिला ई-हॉट योजना से महिलाएं अपने प्रोडक्ट ऑनलाइन बेच रही है। प्रधानमंत्री महिला शक्ति केंद्र योजना का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से सरकार द्वारा ग्रामीण महिलाओं के लिए उपलब्ध कराई गई योजनाओं के बारे में जागरुकता पैदा करने के लिए सशक्त बनाना है।

उन्होंने बताया कि सखी निवास, कामकाजी महिला छात्रावास योजना कामकाजी महिलाओं को सुरक्षित और सुविधाजनक आवास प्रदान करती है। यह योजना उन महिलाओं के लिए है, जो अपने घर से दूर काम करती हैं और उन्हें रहने के लिए सुरक्षित स्थान की आवश्यकता होती है। मोदी सरकार का लक्ष्य 523 छात्रावासों से 26,306 महिलाएं लाभान्वित करने का है। उत्तर प्रदेश सरकार ने पंचायत चुनावों में महिलाओं के लिए 50 फीसदी सीटें आरक्षित की हैं।

वैवाहिक साइट धोखाधड़ी के मामले हुए दोगुने

मुंबई। विशेषज्ञ वैवाहिक वेबसाइटों के माध्यम से जीवनसाथी की तलाश करने वाली महिलाओं को सतर्क रहने की चेतावनी दे रहे हैं, क्योंकि भावनात्मक और शारीरिक हेरफेर से जुड़े वित्तीय धोखाधड़ी के मामले लगभग दोगुने हो गए हैं। स्विफ्ट डिटेक्टिव्स एंड इन्वेस्टिगेशन एजेंसी की निदेशक प्रिया काकड़े ने महामारी के बाद ऐसे मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि की सूचना दी है। पहले की तुलना में मामले लगभग दोगुने हो गए हैं; उन्होंने सभी लड़कियों को 'अलार्म कॉल' के साथ सतर्क करने की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डाला। प्रिया काकड़े, दूल्हे के विवरण को सत्यापित करने के लिए जांच एजेंसियों की मदद लेने का आग्रह करती हैं। प्रसिद्ध निजी अन्वेषक प्रिया काकड़े ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर महिलाओं को लक्षित करने वाले ऑनलाइन घोटालों के खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने खुलासा किया, ₹अपने 20 वर्षों के अनुभव में, तलाक, विवाहेतर संबंधों, निजी जांच और वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों को संभालते हुए, मैंने कोविड के बाद एक चिंताजनक प्रवृत्ति देखी है। घरेलू हिंसा में वृद्धि के कारण कई तलाक हुए, और अब, महिलाएं वैवाहिक साइटों का रुख कर रही हैं, केवल वित्तीय शोषण का शिकार होने के लिए।

स्विफ्ट डिटेक्टिव्स के निष्कर्ष बताते हैं कि 30 के दशक में तलाकशुदा महिलाएं, औसत दिखने वाली महिलाएं और अधिक वजन वाली महिलाएं विशेष रूप से कमजोर हैं। सामाजिक दबाव और पारिवारिक अपेक्षाएं अक्सर इन महिलाओं को बिना पूरी पृष्ठभूमि की जांच के शादी में जल्दबाजी करने के लिए प्रेरित करती हैं। प्रिया काकड़े ने एक मामला साझा किया जहां एक महिला ने एक ऐसे व्यक्ति से शादी की जिससे वह ऑनलाइन मिली थी। बच्चा होने के बाद, उसे पता चला कि वह समलैंगिक था। स्विफ्ट डिटेक्टिव्स ने उसके तलाक के लिए सबूत प्रदान किए, गुजारा भत्ता और बच्चे की हिरासत सुरक्षित की।

रचनात्मक बिजनेस लीडर्स को बढ़ावा देने के लिए किया गया एमएसईईडी का लॉन्च

मुंबई। भवन्स कॉलेज में इवेंट्स, मीडिया एवं डिजाइन उद्योग के सैंकड़ों दिग्गजों की मौजूदगी में नए संस्थान -भवन्स कॉलेज मैनेजमेन्ट स्कूल ऑफ इवेंट्स, एंटरटेनमेन्ट एण्ड डिजाइन (एमएसईईडी) का लॉन्च किया गया। दीपक चौधरी संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर होंगे, जो इवेंट्स एवं इवेंट्स एजुकेशन इंडस्ट्री में जाना- माना नाम हैं, तथा भारत के प्रीमियर इवेंट स्कूल ईवा लाईव आदि का लॉन्च भी कर चुके हैं। अकादमिक पक्ष की बात करें, तो प्रख्यात मीडिया एकेडमिक प्रोफेसर उज्जवल के. चौधरी (सिम्बोयासिस, एमिटी, पर्ल एकेडमी एवं विसलिंग वुड्स के पूर्व डीन) एमएसईईडी के डायरेक्टर जनरल होंगे। वहीं लीडिंग टीम में जॉइंट एमडी विनोद जर्नादन (टीम रस्टिक के संस्थापक), डायरेक्टर जिम्मी चौधरी (जो इवेंटफॉक्स एवं वॉओ अवॉर्ड्स के सचांलक हैं), एक्जक्टिव डायरेक्टर जतीन राजपूत (जो कई प्रतिष्ठित संस्थानों में इवेंट मैनेंजमेन्ट एकेडमिक्स का नेतृत्व कर चुके हैं) तथा मीडिया उद्यमी चिराग शाह और मुस्तफा रंगूनवाला शामिल हैं। भवन्स कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ जरीन बथेना ने नए छात्रों का स्वागत किया, और आशा व्यक्त की कि एसपी जैन मैनेजमेन्ट स्कूल या सरदाल पटेल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की तरह इस संस्थान की यात्रा भी पथ-प्रदर्शक होगी। लॉन्च समारोह के दौरान रचनात्मक व्यवसाय के विभिन्न पहलुओं से जुड़े दिग्गज मौजूद रहे। इनमें फिक्की एवीजीसी फोरम के चेयरमैन आशीष कुलकर्णी, बीते सालों के जाने-माने फिल्म निमार्ता केतन आनंद, लक्ष्य मीडिया ग्रुप के चेयरमैन आलोक जालान, टाईम्स ऑफ इंडिया के ग्रुप एचआर हैड अमित दास, शामियाना शॉर्ट फिल्म्स इनीशिएटिव के संस्थापक सायरस दस्तूर, जाने-माने कम्युनिकेशन कन्सलटेन्ट अमितेश बैनर्जी तथा इटली में युनिमॉकोर्नी युनिवर्सिटी ऑफ रोम के लर्निंग पार्टनर प्रोफेसर जॉय चौधरी शामिल थे।

बिजली चलित चाक मशीन पाकर खुश हुए हुनरमंद

वाराणसी। उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड, उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा शनिवार को जिला उद्योग केंद्र सभागार में आयोजित एक दिवसीय माटीकला सेमिनार में 32 विद्युत चालित चाक व 10 अदद मोटराइज्ड दोना पत्तल मशीन वितरण किया गया। ग्राम प्रधानों द्वारा अपने विकास खण्ड में विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में अधिक से अधिक इकाईयों की स्थापना कराए जाने पर जनपद के प्रत्येक विकास खण्डों से दो-दो ग्राम प्रधानों को सम्मान स्वरूप 2000.00 (रुपए दो हजार मात्र) विभागीय खादी अंगवस्त्र तथा प्रमाण पत्र से मुख्य अतिथि पूनम मौर्या, अध्यक्ष जिला पंचायत वाराणसी द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एवं संयुक्त आयुक्त उद्योग वाराणसी मण्डल उमेश कुमार सिंह तथा अजीत प्रजापति पूर्व सदस्य माटीकला बोर्ड उप्र, विनोद कुमार सिंह जिला ग्रामोद्योग अधिकारी जौनपुर, गिरजा प्रसाद जिला ग्रामोद्योग अधिकारी चन्दौली के साथ ही उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड वाराणसी मण्डल वाराणसी के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें। माटीकला सेमिनार का मुख्य उद्देश्य मिट्टी का कार्य करने वाले करीगरों एवं शिल्पियों के व्यवसाय में वृद्धि करने, कलाकारों की परम्परागत कला को संरक्षित उनकी समाजिक सुरक्षा, आर्थिक सुदृढ़ता एवं तकनीकी विकास को बढ़ावा देने हेतु किया गया। परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी वाराणसी मण्डल यूपी सिंह ने किया। यूपी सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत स्थानीय स्तर पर यह कार्य किया गया है। आत्मनिर्भर बनाने के लिए कुम्हारी कला से जुड़े लोगों को निश्शुल्क बिजली चालित कुम्हारी चाक दिया जा रहा है। इससे कम समय में अधिक मिट्टी के बर्तन तैयार होंगे। इसके अलावा मिट्टी के बर्तनों का इस्तेमाल पर्यावरणीय दृष्टि से काफी बेहतर रहेगा। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर मिट्टी के बर्तनों की मांग पिछले कुछ समय से बढ़ी है। इसको ध्यान में रखते हुए इस योजना पर काम किया गया है। मांग बढ़ने पर रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि दोना पत्तल की मांग स्थानीय स्तर पर काफी है। इसके दृष्टिगत दोना-पत्तल की मशीन से स्थानीय स्तर पर उत्पादन करके आत्मनिर्भर बनाने का काम जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है।

ट्रंप के टैरिफ से कारपेट इंडस्ट्री में भूचाल, लगेगा 1100 करोड़ का फटका

वाराणसी। अमेरिका रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने पूर्वांचल की सबसे बड़ी हस्तशिल्प इंडस्ट्री कारपेट व साडी कारोबार के निर्यातकों की नींद हराम हो गई है। खास यह है कि इसके लागू होने की तिथि भले ही 2 अप्रैल है, लेकिन अमेरिकी खरीदारों ने अभी से ई-मेल कर क्रिसमस व डोमेटेक्स फेयर में दिए गए करोड़ों के आर्डर को होल्ड पर करवाना शुरू दिए है। ऐसे में निर्यातकों के गोदामों में रखे करोड़ों के कालीन व अन्य उत्पाद न सिर्फ डंप होने, बल्कि लाखों बुनकरों की आजीविका पर गंभीर खतरा मंडराने लगा है। बता दें, यूपी, दिल्ली, पानीपत, जम्मू-कश्मीर, जयपुर आदि शहरों से लगभग 11000 करोड़ का कालीन निर्यात होता है और इसकी बुनाई में लगभग 10 लाख से अधिक गरीब बुनकर मजदूर लगे हैं।

कारपेट इक्सपोर्ट प्रमोशन कौंसिल के चेयरमैन कुलदीप राज वट्टल का कहना है कि इस मामले में उन्होंने वाणिज्य मंत्रालय को पत्र भेजकर हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि अमेरिका में इक्सपोर्ट होने वाले कालीनों पर 2.5 से 8 फीसदी ड्यूटी है, जो नाममात्र का है। ऐसे में अगर ड्यूटी खत्म कर दिया जाएं इक्सपोर्ट में 20 फीसदी का इजाफा हो सकता है। हालांकी अमेरिका गरीब हितैशी मुल्क है और ग्रामीण अंचलों में बनने वाली कारपेट बुनाई में भी गरीब तबका ही जुड़ा है, इसलिए हैंडनॉटेड कारपेट को रेसिप्रोकल टैरिफ से मुक्त रखा जा सकता है। लेकिन मशीनमेड कालीनों पर खतरा जरुर है। उनका कहना है कि अमेरिका में हैंडमेड कालीन नहीं बनता है और उनका पसंदीदा भारतीय हैंडमेड कारपेट ही है। जहां तक टैरिफ का सवाल है तो ट्रंप की नीति क्या है, इस पर कुछ कहना जल्दबाजी होगी, लेकिन उन्हें उम्मींद है कि हैंडमेड कारपेट को इससे मुक्त रखा जा सकता है। हालांकि अमेरिका स्वयं मशीनमेड कारपेट बनाता है, इसलिए टैरिफ लगा सकता है और इसका असर भारतीय निर्यातकों पर भी पड़ सकता है। कुछ ऐसा ही बनारसी साड़ी सहित अन्य उत्पादों के निर्यातकों की परेशानी है।

इससे उनके तैयार माल गोदामों में डंप होने का खतरा बढ़ गया है। खास बात यह है कि निर्यातकों को अब उत्पादों में बदलाव करना होगा, जिससे मुनाफे पर असर पड़ेगा। निर्यातकों का कहना है कि अमेरिकी खरीदारों ने कहा है कि टैरिफ लगने से उत्पाद महंगा हो जाएगा और फिर खरीदना मुश्किल होगा। ऐसे में टैरिफ लगने से निर्यातकों को 1100 करोड रुपये से अधिक का नुकसान होने की आशंका है. रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण पहले से ही प्रभावित चल रहे हस्तशिल्प उद्योग को इस घोषणा से गहरा झटका लगा है. भारत के यूपी, महाराष्ट्र, दिल्ली, पानीपत, जम्मू-कश्मीर, जयपुर आदि शहरों से अमेरिका को लगभग 11000 करोड़ का कालीन निर्यात होता है और इसकी बुनाई में लगभग 10 लाख से अधिक गरीब बुनकर मजदूर लगे हैं। इन इलाकों के करीब 1600 निर्यातक हस्तशिल्प उत्पाद से जुड़े हैं. जो अमेरिका, जापान, इंग्लैंड, टर्की समेत अन्य देशों को हर साल 16000 से करोड़ से अधिक के हस्तशिल्प उत्पादों का निर्यात करते है. इनमें सबसे ज्यादा निर्यात अमेरिका को होता है. निर्यातकों के अनुसार ट्रंप की इस घोषणा के तहत 25 प्रतिशत टैरिफ लग सकता है। इससे हस्तशिल्प निर्यातकों को 1100 करोड़ से अधिक का नुकसान होगा. निर्यातकों ने बताया कि यदि भारत से अमेरिका निर्यात होने वाले हस्तशिल्प उत्पाद पर टैरिफ लगता है. तो विदेशी खरीदार कम ऑर्डर देंगे और निर्यात घट जाएगा. वहीं कुछ निर्यातकों का कहना है कि रूस-यूक्रेन युद्ध से निर्यात में पहले से ही कमी आई है. इसके साथ ही जहाजों के घूमकर जाने के कारण हस्तशिल्प उत्पाद खरीदारों के पास समय से नहीं पहुंच पाते हैं. इसके कारण भी हस्तशिल्प निर्यातकों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है. सीईपीसी के पूर्व प्रशासनिक सदस्य उमेश गुप्ता का कहना है कि खरीदार एक महीने से टैरिफ लगने का इंतजार कर रहे थे, जो भी ऑर्डर हुए हैं, वह होल्ड पर हैं. ट्रंप के टैरिफ बढ़ाने के एलान से ऑर्डर कम से कम मिलने का अनुमान है. निर्यात से जुड़े कारोबारियों का कहना है पिछले पांच साल में मंदी आने के कारण हस्तशिल्प उत्पाद का आयात करने वाले अमेरिका के 20 से अधिक स्टोर बंद हो चुके हैं. इससे निर्यातकों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है. निर्यातकों के मुताबिक डोनाल्ड ट्रंप द्वारा टैरिफ के ऐलान से हस्तशिल्प उत्पाद के 20 से 30 प्रतिशत खरीदारों की घटने की उम्मीद है. हस्तशिल्प उद्योग का करीब 60 फीसदी निर्यात अमेरिका को होता है. टैरिफ को लेकर अभी असमंजस की स्थिति है. ऐसे हालात में विदेशी ग्राहकों ने ऑर्डर रोक दिए गए हैं. उनकी ओर से नए ऑर्डर नहीं आ रहे हैं. इससे कारोबार प्रभावित होगा.

सूचना- मै राम उजागिर रामदीन यादव उम्र 50 वर्ष निवासी मकान न. 1644, सर्वे न. 3222, भीम नगर राबाले ठाणे, बेलापुर रोड अंबेडकर पुतला न. 2 के पास पोस्ट घनसोली नवी मुंबई 400708 का निवासी हूँ । मै अपने घोषणा के जरिए बेदखल करने हेतु निम्न बयान करता हूँ कि, 1) मै उपर लिखित बयान पर मै अपने परिवार के साथ रहता हूँ, 2) मै इस घोषणा पत्र के माध्यम से निम्न सूचना तमाम जनता के लिए सार्वजनिक कराना चाहता हूँ कि सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि मै अपने पुत्र सुनील कुमार राम उजागिर यादव पुत्रवधु रंगीता सुनील कुमार यादव के आचरण एवं व्यवहार से परेशान होकर मै अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से वेदखल करता हूँ यदि किसी से भी ये लोग कोई भी लेन देन करते है या कोई अपराध करते है तो उस कृत्य के लिए स्वयं वो दोनों लोग जिम्मेदार होंगे मेरा और मेरे परिवार का कोई भी सदस्य इन दोनों के द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए जिम्मेदार नही होगा। मै राम उजागिर रामदीन यादव उपरोक्त घोषणा अपनी मर्जी से कर रहा हूँ।